भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष : 12, अंक : 317 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 28 न्यून. 14 haribhoomi.com



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रथ खीचते हुए सीएम डॉ. यादव

## महाशिवरात्रि पर महाकाल मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### 44 घंटे बाद आज रात 10.45 बजे बंद होंगे मंदिर के कपाट

# रात तक करीब 7 लाख श्रद्धालु पहुंचे, 40 मिनट में हो रहे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाशिवरात्रि पर्व पर उज्जैन में मध्य रात्रि 2:30 बजे मंदिर के पट खोले गए। रविवार रात तक करीब 7 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। होटल, लॉज और होम-स्टे पहले ही फुल थे। सुबह मंत्रोच्चार के साथ गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन कर हरिओम का जल अर्पित हुआ। कपूर आरती के बाद पुजारियों ने जलाभिषेक किया। फिर दूध, दही, घी, शकर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। महाकाल को भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर राजा स्वरूप शृंगार किया गया। इसके बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाल और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ओंकारेश्वर के मंदिर शिखर पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा



**ओंकारेश्वर।** श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी राजा राव पुष्पेंद्र सिंह के विशेष प्रयासों से पहली बार मंदिर शिखर पर हेलिकॉप्टर द्वारा पुष्पवर्षा की गई। ट्रांस भारत एविएशन के हेलिकॉप्टर से दोपहर में मंदिर के शिखर पर पुष्प वर्षा कर भगवान भोलेनाथ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। आसमान से बरसते पुष्पों ने श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। महाशिवरात्रि पर मंदिर परिसर एवं गर्भगृह को सुगंधित एवं रंग-बिरंगे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### शिव भक्तों के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

## बड़वाले महादेव मंदिर में पहुंचकर सीएम ने शिव बारात का रथ खींचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोपाल के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों को बधाई देते हुए सभी के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया। मुख्यमंत्री ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। वे महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तगणों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। पुलिस बैंड के सदस्यों सहित अनेक युवाओं ने डमरू दल के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

**पुलिस बैंड सहित डमरू दल ने पारंपरिक प्रस्तुति दी**

॥ॐ जूं सः भोपालवासी पालय पालय सः जूं ॐ॥
वास्तु शास्त्र के नियम अनुसार
'जैसा आपका भवन है, वैसा आपका जीवन है'
वास्तुशास्त्री, एस्ट्रोलॉजर, न्यूमरोलॉजिस्ट, ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट
VASTUVID SATYENDRA SINGH
Call Now 9171295733
Add: Vastu Sadan D 7 Tribhuvan Colony Salaiya Bhopal Mp

क्या सुनने में कठिनाई होती है
सिल्वर जुबली ऑफर
• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट
• सुनने की जांच • स्पीच थैरेपी
Sinha Speech & Hearing Center
Ph. 0755-2760853 9243703712
सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर
पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल
समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### भारत ने जो 2012 में किया वही 2026 में किया

*ईशान ने रखी जीत की नींव, पाक के गेंदबाजों की भेल बना दी, पहली बार पाक ने ऐसी मुंह की खाई*

**भारत के गेंदबाजों ने पाक की बल्लेबाजी को उधेड़ कर रख दिया...**

# भारत की फुलटॉस जीत...पाक की कोलंबो में तबियत से ठुकाई

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मुकाबला खेला गया। रविवार को श्रीलंका का कोलंबो भारतमय हो गया। प्रेमदासा स्टेडियम में टीम इंडिया ने आसानी से पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। इस धमाकेदार जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टीम इंडिया ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए थे। यह टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में ओवर में 114 रन ही बना सकी। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 वर्ल्ड कप में अब तक 9 मैच खेले गए हैं। जिसमें से 8 बार ▶▶ शेष पेज 6 पर



ईशान किशन
प्लेयर ऑफ द मैच

| | |
|---|---|
| 77 | रन |
| 40 | गेंद |
| 10 | चौके |
| 03 | छक्के |




» इस जीत के साथ भारत सुपर 8 के लिए क्वालीफाई...

» टी 20 वर्ल्ड कप में भारत की 11वीं जीत

» दुनिया को लगा ये प्रैक्टिस मैच, 61 रन से रौंदा

**सीएम ने दी बधाई....**

*सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर टीम इंडिया को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि यह सिर्फ जीत नहीं, एक जश्न है पूरे भारत का...टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के रोमांचक मुकाबले में हमारी भारतीय टीम के धुरंधर खिलाड़ियों की पाकिस्तान पर गौरवशाली जीत की देशवासियों और विशेषकर टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई।*

### देश भर में जीत का जश्न मना, देशभक्ति के नारे गूंजे

टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद देश भर में जश्न का माहौल नजर आया। मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद सहित भोपाल में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। भारत माता के जयकारे लगाए। इंदौर के राजवाड़ा आतिशबाजी और पटाखों की गूंज से सराबोर हो गया। लोगों ने घरों की बालकनियों से लेकर सड़कों तक जीत का इजहार किया।

### ईशान बने जीत के सूत्रधार, 40 बॉल पर ठोके 77 रन

पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद तिलक वर्मा और ईशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 87 रनों की साझेदारी हुई। ईशान ने इस दौरान 40 बॉल पर 77 रन की तूफानी पारी खेली। ईशान की इस अर्धशतकीय पारी के बदौलत टीम इंडिया 175 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



विधानसभा अध्यक्ष तोमर तैयारियों का जायजा लेते हुए

### मप्र विधानसभा का बजट सत्र आज से

## 18 को आएगा बजट, 4 लाख 64 हजार करोड़ का होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की सोलहवीं विधानसभा का नवम सत्र (बजट सत्र) सोमवार से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेगा। इस सत्र में मप्र सरकार बजट पेश करेगी। इस बार का बजट करीब 4 लाख 64 हजार करोड़ रुपए का होने का अनुमान है। बजट 18 मार्च को पेश होगा। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पिछली बार की तरह इस बार भी बगैर पास के किसी को भी परिसर में जाने की इजाजत नहीं है। बजट सत्र की तैयारियों को लेकर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को विधानसभा परिसर व विधानसभा की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

» **अध्यक्ष तोमर ने तैयारियों का लिया जायजा**


**इतने प्रश्नों की सूचनाएं**

सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में तारांकित प्रश्न 1750 एवं अतारांकित प्रश्न 1728 कुल 3478 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हई हैं। जबकि ध्यानाकर्षण की 236, स्थगन प्रस्ताव की 10, अशासकीय संकल्प की 41, शून्यकाल की 83 सूचनाएं प्राप्त हई हैं।

## खबर संक्षेप

### गर्लफ्रेंड को छेड़ा तो चाकू मारकर हत्या

**खंडवा।** शनिवार रात चाकूबाजी में एक युवक की हत्या हो गई।



बताया जा रहा है कि वैलेंटाइन डे मना रहे कपल से भावेश अपने 2 दोस्त मयंक और सचिन के साथ छेड़छाड़ कर रहा था, तभी युवती के दोस्त ने रोका। इतने में युवकों ने चाकू निकालकर अटैक कर दिया।

### पहली मंजिल से मुंह के बल गिरी महिला

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र की ग्रीन पार्क कॉलोनी में कपड़े



सुखाने के दौरान एक महिला पहली मंजिल से नीचे गिर गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती है।

### 60 धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी

## देश की 'पहली किन्नर' शंकराचार्य का पट्टाभिषेक

**भोपाल।** महाशिवरात्रि पर रविवार को भोपाल में किन्नर धर्म सम्मेलन आयोजित हुआ। आयोजन में देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का पट्टाभिषेक किया गया। हिमांगी सखी मां वैष्णो किन्नर अखाड़ा की प्रमुख हैं। आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राजस्थान के पुष्कर पीठ का चयन देश की पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ के रूप में किया गया है, यहां बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी



■ पुष्कर पीठ पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ होगी

### सीएम मान की तबीयत बिगड़ी

## मोहाली लाए गए भगवंत सिंह मान, हालत स्थिर

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। वह संगरूर में आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य राजिंदर गुप्ता के साथ थे। उन्हें एयरलिफ्ट कर मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फोर्टिस एस्कोर्ट मोहाली की तरफ से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार मुख्यमंत्री को नियमित ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ केजरीवाल के साथ महाशिवरात्रि कार्यक्रम में थे

### महाशिवरात्रि के दिन पुजारी की हत्या

## आरोपी ने छाती पर पैर रखा, बके से गर्दन काटी

**सीधी।** जिले के कुसमी क्षेत्र में बका से हमला कर पुजारी की हत्या कर दी गई। मृतक इंद्रभान द्विवेदी (75) तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे रविवार सुबह 8 बजे महाशिवरात्रि की पूजा कर मोपेड से घर लौटे रहे थे।

इसी दौरान हमलावर ने अचानक चलती मोपेड पर अटैक किया, जिससे इंद्रभान गिर गए। आरोपी लाला केवट (55) ने पुजारी की छाती पर पैर रखा और बके से गर्दन काट दी। उसने सीने और गले पर ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ चलती मोपेड पर हमला कर गिराया

## शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में हुई घोषणा



### 22 अप्रैल से केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिर के द्वार 23 को खुलेंगे

***देहरादून।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को वृष लग्न में खोले जाएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा शीतकालीन गद्दीस्थल ओम्कारेश्वर मंदिर में विधि-विधान के साथ की गई। घोषणा के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर समिति के अनुसार बुधवार (22 अप्रैल) सुबह 8 बजे* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### शिवपुरी वकील हत्याकांड केस में तीन गिरफ्तार

## आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर, पैर में लगी गोली सुपारी देकर वकील की करवाई गई थी हत्या

**घेराबंदी के दौरान एक शूटर ने पुलिस पर की फायरिंग**

हरिबूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में वकील हत्याकांड के आरोपियों का पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर किया है। करैरा में वकील संजय कुमार सक्सेना की हत्या शनिवार को हुई थी।

इस घटना के एक शूटर का शॉर्ट एनकाउंटर हुआ। सुबह-सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी करने जब पुलिस पहुंची तो उनमें से एक शूटर ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की है। शूटर के पैरों में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान शूटर के पैर में दो गोली लगी हैं। शूटर पपेंद्र रावत को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह एनकाउंटर ▶▶ शेष पेज 6 पर



आरोपी को अस्पताल लाया गया

### वकील अदालतों में हाजिर नहीं होंगे आज

मप्र स्टेट बार काउंसिल ने इस वारदात के विरोध में सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया है। काउंसिल ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया। इसके अंतर्गत सोमवार को प्रदेशभर के वकील अदालतों में हाजिर नहीं होंगे।

### बांग्लादेश में पीएम के रूप में तारिक रहमान का शपथग्रहण कल

*17 फरवरी को पीएम मोदी का मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम तय*

## पीएम मोदी नहीं होंगे शामिल... स्पीकर ओम बिरला करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

» **विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी होंगे शामिल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश चुनाव में बंपर जीत के बाद बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ढाका में मंगलवार को उनका शपथ ग्रहण होना है, जिसमें भारत की तरफ से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल होंगे। बीएनपी के नेता एएनएम एहसानुल हक मिलन ने एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने की मांग की थी। 17 फरवरी को पीएम मोदी का मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम तय है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी, 2026 को ढाका में तारिक रहमान के नेतृत्व में नव निर्वाचित बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की भागीदारी भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी ▶▶ शेष पेज 6 पर



तारिक रहमान



ओम बिरला

### संसद परिसर में होगा शपथ ग्रहण

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन 17 फरवरी को राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के नए मंत्रिमंडल को शपथ ▶▶ शेष पेज 6 पर

### हसीना को अपनी जमीन इस्तेमाल न करनें दें

हुमायूं कबीर ने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह बांग्लादेश की स्थिरता को प्रभावित करने के लिए शेख हसीना या अवामी लीग के अन्य नेताओं को अपनी जमीन इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। तारिक रहमान के सलाहकार ने कहा कि भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि में सहभागी के रूप में न दिखे।

## राज्यपाल पटेल ने केरल के पार्षदों से कहा

# सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ करें समाज और राष्ट्र की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से रविवार को लोकभवन में केरल राज्य के विभिन्न स्थानीय निकायों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने सभी का आत्मीय स्वागत कर परिचय प्राप्त किया। उनके क्षेत्र के राजनैतिक और प्रशासनिक नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि मप्र के भ्रमण पर आए केरल के जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा करें।

प्रदेश सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में जनकल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों में लागू करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी से स्थानीय शासन को और अधिक प्रभावी बनाएं। हमेशा गरीब, वंचितों और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प का पालन करें। राज्यपाल पटेल से केरल के जनप्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश भ्रमण के अनुभव साझा किए। देश की स्वच्छतम राजधानी के रूप में भोपाल के सफ़ाई प्रबन्धन की सराहना की। प्रदेश के जल प्रबन्धन, स्मार्ट सिटी परियोजना, कचरा निस्तारण, सौर ऊर्जा आदि की चर्चा की। शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी और प्रदेश में निवासरत मलयाली समाज के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### मप्र सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में लागू करें: पटेल


केरल के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल पटेल से भेंट की।

### भाजपा फॉर विकसित केरलम कार्यक्रम के तहत केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने भोपाल एवं ग्वालियर का किया भ्रमण

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा फॉर विकसित केरलम कार्यक्रम के तहत प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भोपाल में 11 सदस्यीय और ग्वालियर में 13 सदस्यीय केरल के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर योजनाओं का अवलोकन किया। विधानसभा का भ्रमण करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों से विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मप्र के संगठन को बुलंदी तक पहुंचाया है। ग्वालियर में पहुंचे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कमल सिंह का बाड़ा स्थित आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने मोतीमहल, अत्याधुनिक कंट्रोल एंड कमांड सेंटर, जलविहार स्थित नगर निगम परिषद का अवलोकन कर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, नगर निगम के कार्यों की जानकारी प्राप्त की।



### अरेरा कॉलोनी स्थित कचरा कैफे की कार्यपद्धति के बारे में भी जाना

### केरल के पार्षदों ने फिल्टर प्लांट और वाटर सप्लाई की प्रोसेस देखी, बड़ी झील में शिकारे का भी लिया आनंद

केरल के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों ने रविवार को स्वच्छता की विभिन्न गतिविधियों एवं जलापूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। प्रतिनिधि मंडल ने मनुआभान टेकरी स्थित 5 एमजीडी क्षमता के जलशोधन संयंत्र एवं अरेरा कॉलोनी 10 नंबर स्थित कचरा कैफे की कार्यपद्धति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और इनकी कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद शहर की बड़ी झील में केरल के दल के सदस्यों ने शिकारे का आनन्द लिया और भोपाल की झीलों, शैल-शिखरों सहित शहर की सुंदरता की सराहना भी की। जलशोधन संयंत्र पर मौजूद अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की, साथ ही भोपाल शहर की जलप्रदाय व्यवस्था की जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने 10 मार्केट स्थित अपने प्रकार के अनोखे कचरा कैफे का भी अवलोकन किया।




## खबर संक्षेप

### एसआईआर के बाद भोपाल जिले में अब 17.45 लाख मतदाता

**भोपाल।** जिला प्रशासन ने शहर की मतदाता सूची की पेंडेंसी खत्म कर ड्राफ्ट प्रकाशन की पूरी तैयारी कर ली है। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो 27 अक्टूबर-25 को जब एसआइआर कार्य शुरू हुआ था, तब भोपाल में कुल 21,25,908 मतदाता थे। गहन जांच, नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई और फार्म-7 (नाम विलोपन) की प्रक्रिया के बाद अब 14 फरवरी की स्थिति में यह संख्या घटकर 17,45,552 रह गई है। इस अभियान में कुल 3,80,356 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। सूची से 2,00,820 पुरुषों के नाम कम हुए हैं, जिसके बाद अब पुरुष मतदाताओं की संख्या 8,88,583 बची है वहीं, 1,79,442 महिलाओं के नाम भी हटाए गए हैं, जिससे महिला वोटर्स की संख्या अब 8,56,897 रह गई है। सबसे चौंकाने वाला बदलाव थर्ड जेंडर श्रेणी में दिखा है, जहां पहले 166 नाम दर्ज थे, जो अब घटकर केवल 72 रह गए हैं।

### मुख्यमंत्री आज भोपाल में करेंगे साइबर पंजीयन कार्यालय का लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 फरवरी को अपरान्ह 3.30 बजे भोपाल में अत्याधुनिक साइबर पंजीयन कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा भी उपस्थित रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षण मुद्रांक पंजीयन भवन अरेरा हिल्स में कार्यालय का लोकार्पण होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ

# सम्राट विक्रमादित्य के सम्मान में स्थापित होगा सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान

**21 लाख रुपए का राष्ट्रीय और 5-5 लाख रुपए के तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल








मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन ने सदियों से धर्म, ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति की ज्योति प्रज्ज्वलित की है। विरासत से विकास के इस प्रतीक के रूप मे ही उज्जैन में विक्रमोत्सव का सांस्कृतिक महापर्व आयोजित किया जा रहा है। यह केवल एक उत्सव नहीं बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और ऐतिहासिक स्वाभिमान का विराट पर्व है। महान सम्राट विक्रमादित्य ने न्याय, सुशासन और लोक कल्याण की ऐसी परंपरा स्थापित की जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उज्जैन का सांस्कृतिक आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजन - विक्रमोत्सव हमारी परंपरा को नई ऊर्जा देगा। प्रदेश भर में गांव, शहर, कस्बों तक विक्रमोत्सव का विस्तार करते हुए प्रदेश में हो रहे सभी शिवरात्रि मेलों को इस आयोजन से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिव और शक्ति के महापर्व महाशिवरात्रि की उज्जैनवासियों को बधाई दी और रविवार को उज्जैन में विक्रमोत्सव-2026 का शुभारंभ कर यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन की कीर्ति का वैभव संपूर्ण विश्व में छाया था। सम्राट विक्रमादित्य का दरबार नवरत्नों से संपन्न था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने और उनके शौर्य, न्याय तथा प्रजावत्सल आदर्शों को अमर बनाने के लिए उनकी स्मृति में एक करोड़ एक लाख रुपए का सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय अलंकरण सम्मान स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 21 लाख रुपए का राष्ट्रीय सम्मान और 5-5 लाख रुपए की तीन राज्य स्तरीय सम्मान भी स्थापित करने की घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2024 के विक्रमोत्सव को एशिया का बिगेस्ट रिलीजियस फेस्टिवल अवॉर्ड मिला।

### अब हर वर्ष उज्जैन में होगा वन मेले का आयोजन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सभी क्षेत्रों में विकास के नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं। उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव और विक्रम व्यापार मेला इस तथ्य का परिचायक है। इन आयोजनों से नगर निगम सहित स्थानीय संस्थाओं की आय बढ़ाने ओर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिली है। डॉ. यादव ने रविवार को उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला-2026 का शुभारंभ उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की नगरी अवंतिका विकास के नए कीर्तिमान बना रही है। व्यापार, व्यवसाय में बाबा श्री महाकाल की नगरी तेजी से प्रगति कर रही है। विक्रम व्यापार मेले का आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है। व्यापार मेले से जिले और आस पास के क्षेत्र में आर्थिक प्रगति हुई है।

### अद्भुत धाम है नवग्रह शक्तिपीठ

### मुख्यमंत्री डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है। उन्होंने कहा कि आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्र ने इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कर अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कुमार विश्वास का अभिदनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है। वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गए, जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे।


नवग्रह के दर्शन करते सीएम।

#### संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात: डॉ. मिश्रा

*पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है।*



### मुख्यमंत्री ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व पर श्री महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन पूजन में सहभागिता की और श्री महाकाल बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर समिति ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और शिव तत्व से जुड़ने का अवसर है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। पूजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं से संवाद किया और मंदिर परिसर में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सियासतनामा



### राज्यसभा की सीट के लिए कांग्रेस में 'जंग' के हालात

राज्यसभा की खाली होने वाली तीन सीटों में से एक दिग्विजय सिंह की है। उनका कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो जाएगा। ऐसे में कांग्रेस के दावेदारों के बीच सिर-फुटौव्वल के हालात बन गए हैं। सबसे पहले कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने कहा कि राज्यसभा में इस बार किसी दलित नेता को भेजा जाना चाहिए। इसके बाद अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम ने अल्पसंख्यक वर्ग को यह सीट देने की मांग कर डाली। पिछड़ा वर्ग से अरुण यादव और कमलेश्वर पटेल प्रबल दावेदार हैं ही। कमलनाथ, मीनाक्षी नटराजन जैसे नेता सामान्य वर्ग से राज्यसभा जाने की चाहत रखते हैं। अरुण यादव का दावा इस बार मजबूत बताया जा रहा है। इसकी वजह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी हैं। उनके प्रभाव में पूरा यादव समाज भाजपा में न चला जाए, इसलिए भी अरुण का नाम आगे आया है।

### दो साल में भी संगठन दुरुस्त नहीं कर पाए जीतू

जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाले दो साल से ज्यादा हो गए हैं। वे अब तक संगठन को दुरुस्त नहीं कर पाए। किसी तरह जिलों की कार्यकारिणी गठित हुई तो बड़ी होने के कारण उन्हें भंग करना पड़ रहा है। गुटबाजी थमी नहीं और इसे लेकर राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे के सामने उन्हें ही घेर लिया गया। प्रदेश में संगठन के प्रभारी महामंत्री पद पर हमेशा प्रदेश की राजनीति को समझने और संगठन का लंबा अनुभव रखने वाले वरिष्ठ नेताओं को बैठाया जाता था, लेकिन यह दायित्व संजय कामले जैसे नए चेहरे के पास है, जो बाबू की तरह सिर्फ फाइलों, आदेशों में हस्ताक्षर करने का काम करते हैं। संगठन की मजबूती के हालात ये हैं कि प्रदेश मुख्यालय में जब कोई बैठक होती है या जीतू खुद होते हैं, तभी नेता दिखते हैं, शेष दिनों में सन्नाटा रहता है।

### दुष्कर्म के आरोप से क्या उबर पाएंगे ये कथावाचक?

आसाराम बापू की तरह एक और कथावाचक श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी उर्फ ईश्वरानंद पर दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। आरोप लगाने वाली युवती राजस्थान की है। उत्तम स्वामी का आश्रम सलकनपुर में है। उत्तम स्वामी का आश्रम पहले राजस्थान में था लेकिन विवादों में रहने के कारण उन्हें वहां से भाग कर मप्र आना पड़ा था। उनके सत्ताधारियों से गहरे संबंध हैं। इसलिए सब चुप हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में वे ज्यादा फले-फूले। कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने स्वामी पर व्यापमं घोटाले में शामिल होने का भी आरोप लगाया था लेकिन वे बच गए थे। सत्ता की ताकत से गहरे जुड़े स्वामी रेप के मामले से कैसे उबरते हैं, यह देखने लायक होगा। फिलहाल, तो वे कथा छोड़ कर भूमिगत हो गए हैं।

### नहीं सुधर पा रही नरोत्तम की राजनीतिक ग्रह-दशा

भाजपा के वरिष्ठ नरोत्तम मिश्रा की राजनीतिक ग्रह दशा ठीक नहीं हो पा रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें न्यू ज्वॉइनिंग टोली का मुखिया बनाया गया था। विधानसभा के कई चुनावों में उन्हें भेजा गया, वहां भी वे सफल रहे। इस बीच वे राज्यसभा के दावेदार रहे और प्रदेश अध्यक्ष पद के भी, लेकिन फैसला उनके पक्ष में नहीं हुआ। संभवतः अपनी राजनीतिक ग्रह दशा को ठीक करने के लिए उन्होंने नवग्रह पीठ की प्राण प्रतिष्ठा कराने का निर्णय लिया। महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा से हुई थी। इसमें भीड़ इतनी बढ़ गई कि अफरा-तफरी मच गई। एक महिला रति साहू की हादसे में मृत्यु हो गई और लगभग एक दर्जन घायल हो गईं।

### गोपाल ने क्यों सुनाया दिग्विजय के ऑफर का किस्सा?

भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव अब भी नाराज हैं क्योंकि उन्हें तवज्जो नहीं मिल रही है। पहले उन्होंने यूजीसी के जरिए ब्राह्मणों की उपेक्षा को आवाज दी थी, अब उन्होंने कह दिया कि दिग्विजय सिंह जब मुख्यमंत्री थे, तब उन्हें कांग्रेस में आने और मंत्री बनाने का ऑफर मिला था लेकिन उन्होंने जवाब दिया कि वे बिकाऊ नहीं, टिकाऊ हैं। इतने साल बाद उन्हें यह किस्सा क्यों सुनाना पड़ा? भार्गव ने यह भी कहा कि राजनीति में उपेक्षा किसी भी व्यक्ति को अंदर से तोड़ देती है। सरकार नहीं सुनती, तो मन टूट जाता है। अपना पूरा जीवन पार्टी को समर्पित कर दिया है, क्षेत्र में कभी कांग्रेस के पैर नहीं जमने दिए लेकिन लंबी सेवा के बावजूद अपेक्षित सम्मान ना मिलना पीड़ा देता है। साफ है कि संगठन और सरकार में उनकी राय को तवज्जो नहीं दी जा रही है।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## भाजपा और कांग्रेस 2 दिन के अंदर विधायक दल की बैठक में बनाएंगे अपनी-अपनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र का विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल मंगूभाई पटेल का अभिभाषण होगा। अभिभाषण में वे पिछले एक साल की उपलब्धियों के बारे में सदन में जानकारी देंगे।

सत्र के दौरान ही भाजपा व कांग्रेस विधायकदल की बैठक होगी। इसमें दोनों पार्टियां सत्र को लेकर अपनी अपनी रणनीति तय करेगी। इस बार भी कांग्रेस पहले की ही तरह मुखर विरोध करने की तैयारी कर रही है। इस विरोध का सामना भाजपा कैसे करेगी, इसे भी बैठक के दौरान ही सुलझाया जाएगा। कांग्रेस के सामने चुनौती यह है कैसे विधानसभा के भीतर जाए, जनता से जुड़े हुए सरकार से जवाब-तलब किया जाए। इसमें सरकार की विफलताओं को कैसे गिनाया जाए। इस पर अपने विधायकों से रायशुमारी की जाएगी। 18 फरवरी को विधानसभा में जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। कांग्रेस स्पष्ट कर चुकी है कि मप्र में हाल में ही कफ-सीरप, इंदौर में गंदे पानी से हुई 35 लोगों की मौत आदि पर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष जीतू पटवारी तीन मंत्रियों के वक्तव्य पर उनके सदन में बोले जाने पर आपत्ति जताते हुए विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

### विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन की नहीं रहेगी अनुमति

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को भी ध्यान में रखा गया है। विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन पर रोक बरकरार रहेगी। पुलिस विधानसभा के रास्ते पर आने जाने वाले लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। उस एरिया में विधायकों के आने-जाने में व्यस्तता ज्यादा रहती है, वीआईपी प्रोटोकॉल होता है, इसलिए दूसरे लोगों के आने पर अनुमति नहीं रहेगी। उन्हें वैकल्पिक मार्ग से अपने रास्ते तक पहुंचना होगा। विधानसभा में सुरक्षा के लिए करीब 1200 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

## राज्यपाल से विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने की सौजन्य भेंट


राज्यपाल पटेल से चर्चा करते विधानसभा अध्यक्ष तोमर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने रविवार को लोकभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल का तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल पटेल को विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने 16 फ़रवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के अभिभाषण के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर विभिन्न विषयों पर पारस्परिक चर्चा हुई।


### महाशिवरात्रि मेला: प्रशासन की मुस्तैदी से सुगम हुई चौरागढ़ की कठिन डगर

**आस्था का सैलाब**

## दुर्गम पहाड़ियों पर गूंजा हर-हर महादेव, लाखों भक्तों ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ऊंचे पहाड़, घने जंगल और दुर्गम रास्तों की परवाह किए बिना लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं। सुप्रसिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें लगी हैं, जो रात-दिन सतत रूप से आगे बढ़ रही हैं। 06 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। दुर्गम चढ़ाई के कारण श्रद्धालुओं को होने वाली शारीरिक समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। चौरागढ़, नांदिया जंक्शन, बड़ा महादेव और जटाशंकर जैसे प्रमुख स्थलों पर मेडिकल कैंप स्थापित किए गए हैं।



### देवदूत बनकर उभरा प्रबंधन दल

*अधिकांश श्रद्धालु थकान, बदन दर्द, सांस लेने में तकलीफ और डिहाइड्रेशन की शिकायत लेकर पहुंचें। कैंपों में ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों के साथ डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात है। गंभीर मरीजों को तत्काल एम्बुलेंस के जरिए पचमढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। छिंदवाड़ा के रवि जथुराया को चोट लगने पर तत्काल उपचार दिलाया गया। वहीं, अमरावती के बबनराव चांदने को एनडीआरएफ की टीम ने चौरागढ़ की पहाड़ियों से सुरक्षित रेस्क्यू कर अस्पताल पहुँचाया।ऑक्सीजन सपोर्ट: ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे एक बुजुर्ग श्रद्धालु को भी टीम ने त्वरित सहायता प्रदान कर अस्पताल रेफर किया।खोया-पाया केंद्र के प्रयासों से 6 वर्षीय बालक नित्य को उसके पिता अनूप रत्न से सुरक्षित मिलवाया गया, जिससे परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।*



हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

फोटो जर्नलिस्ट : जसप्रीत सिंह

बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हुआ भोजपुर क्षेत्र, सुबह चार बजे से लगा रहा भक्तों का ताता

## भोजपुर मंदिर में 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए भगवान भोलेनाथ के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

भोजपुर मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर सुबह चार बजे से ही भक्तों का तांता लगा रहा। करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। मंडीदीप, भोपाल, औबेदुल्लागंज समेत कई गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर मनोकामना की।

### 300 पुलिस बल ने संभाली सुरक्षा

भोजपुर मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मुख्य रूप से जिले का करीब 300 पुलिस बल तैनात रहा, एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, उसको लेकर माइक द्वारा ऐलान किए गए।

# हर गली-मोहल्ले में चढ़ा शिव भक्ति का रंग रथ में सिर पर सेहरा बांध निकले भोलेनाथ

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में शिवजी के दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें



बड़वाले महादेव मंदिर से निकली शिव बारात में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

**महाशिवरात्रि:** दिनभर चलता रहा पूजा-पाठ का दौर, सुबह से शिवालयों में पहुंचे श्रद्धालु

- राजधानी में 40 से अधिक स्थानों से धूमधाम से निकली शिव बारात
- जगह-जगह भंडारे व कन्या भोज हुए



भोजपुर में भगवान भोजेश्वर का आकर्षण श्रृंगार किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि पर रविवार को शहर भोलेनाथ की भक्ति में डूबा नजर आया। शहर के हर गली-मोहल्लों में बम-बम भोले के जयकारों और ढोल-ढमाकों के साथ बारात का नजारा दिखाई दे रहा था। सुबह मंदिरों में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालु उत्साहित होकर नृत्य करने लगे। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में ब्रह मुहूर्त से पहले ही भोलेनाथ का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया।

इस मौके पर नए और पुराने शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर बारात निकाली गई। इसमें भोलेनाथ की झांकी नंदी सहित शिव के गण, भूत-पिशाच और प्रमुख देवी-देवताओं के रूप में श्रद्धालु शामिल थे। रात 9 बजे के बाद शिव-पार्वती का विवाह हुआ। भोले नाथ को प्रसन्न करने शिवालयों में सुबह से ही अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था, जो रात तक जारी था।

वहीं बड़वाले महादेव मंदिर से निकली शिव बारात में भगवान भोले जब मां भवानी को ब्याहने निकले तो लोगों ने जगह-जगह उनका अभिनंदन किया। दूल्हा बने बाबा श्री बटेश्वर की पूजा-अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रथ खींचकर शिव बारात की शुरुआत की। इसके पहले सुबह करीब 9:30 बजे सीएम ने श्री बटेश्वर महाराज की पूजा की। है। इस मौके पर सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।



श्री शिव आश्रय सेवा समिति दुर्गा चौक (दरबार) से निकाली शिव बारात में भगवान शिव व माता पार्वती की झांकी।

### बारात पहुंची मां भवानी के द्वार

बारात सिंधी मार्केट, जवाहर चौक जुमेराती, हनुमानगंज, मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चौक, सावरकर चौक, लखेरापुरा से होते हुए करीब आठ किमी का सफर तय करीब 12 घंटे बाद रात मां भवानी मंदिर सोमवारा पहुंची। यहां पर मंदिर समिति के आशीष सैनी ने बारात की आगवानी की। इसके बाद यहा पर वरमाला की रस्म की गई। फिर पूजा अर्चना के बाद माताजी को लेकर बारात वापस मंदिर आ गई। यहां पर परिणय उत्सव, श्रंगार दर्शन एवं जागरण कार्यक्रम किया गया। भव्य बारात में भगवान ब्रम्हा, विष्णु आदि के रथ देखने को मिल रहे थे। शिव बारात में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

### पशुपतिनाथ मंदिर में निकली कलश यात्रा

महाशिवरात्रि के अवसर पर नेपाली समाज द्वारा गोविंदपुरा के पशुपति नाथ मंदिर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। माता मंदिर से शुरू हुई यात्रा पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची, जहां भगवान पशुपतिनाथ को अभिषेक किया गया।



### मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर में मनाया पर्व



कोलार रोड स्थित मानसरोवरेश्वर महादेव मंदिर, मानसरोवर पब्लिक स्कूल परिसर में दो दिवसीय 'महाशिवरात्रि महोत्सव' का उत्साह और श्रद्धा के साथ शुभारंभ हुआ। पवित्र रूद्राभिषेक, भजन और वाद्ययंत्रों की धुन से पूरा प्रांगण भक्तिमय हो गया। शाम को संकीर्तन में हृदय बैंड की प्रस्तुति ने युवाओं और धर्मप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की सीएमडी मंजुला तिवारी, सीईडी इंजी गौरव तिवारी और डायरेक्टर दशा तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### बैंड-बाजे के साथ निकली भव्य शिव बारात

महाशिवरात्रि के अवसर पर 11 नंबर अरेरा कॉलोनी श्री शिव आश्रय सेवा समिति दुर्गा चौक (दरबार) से धूमधाम से शिव बारात निकाली गई, जो 10 नंबर, होते हुए 1100 क्वार्टर हनुमानजी के मंदिर पर समाप्त हुई। इसमें भोलेनाथ की झांकी नंदी सहित शिव के गण, भूत-पिशाच और प्रमुख देवी-देवताओं के रूप में श्रद्धालु शामिल थे। समिति के डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि बारात जैसे ही 10 नंबर मार्केट पहुंची, यहां हिंदू हृदय सम्राट टाइगर राजा सिंह शामिल हुए। टाइगर के बारात में शामिल होते ही श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा गया। देर रात शिव-पार्वती का विवाह हुआ।



11 नंबर अरेरा कॉलोनी से निकाली गई शिव बारात में शामिल श्रद्धालु।



### झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

भगवान बटेश्वर चांदी के रथ पर नंदी की सवारी करते हुए दूल्हा स्वरूप में शामिल थे। रथ पर विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप में बाल और युवा कलाकार विराजमान थे। धार्मिक प्रसंगों पर आधारित कई झांकियां थी, साथ ही सुर, नर, मुनि, किन्नर, असुर, यक्ष, गंवर्ध, भूत पिशाच के वेष में भी श्रद्धालु शामिल थे।

## गुफा मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन के लिए लंबी कतारें



गुफा मंदिर में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह यहां शिव महिमा शिव तांडव, रुद्री पाठ पंडितों द्वारा किया गया। भगवान शंकर का विशेष रुद्राभिषेक हुआ। मंदिर परिसर में दिनभर सुबह चार बजे से मंदिर में दर्शन करने हजारों भक्त पहुंचने लगे थे। यहां चारों प्रहर भगवान भोले का अभिषेक किया गया।

### शिव अभिषेक में दिया स्वच्छता का संदेश

श्री मनसापूर्ण महादेव मंदिर शिव रॉयल पार्क फेस 2 सलैया में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन प्रताप सिंह यादव प्रदेश संयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सोशल मीडिया ने बताया कि इस दौरान पार्थिव शिवलिंग निर्माण और भोले बाबा का श्रृंगार किया गया। इस मौके पर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद जो दोना-प्लेट भक्तों द्वारा यहां-वहां फेंक दी थी। लेकिन समिति सदस्यों द्वारा ओर से स्वच्छता का संदेश देते हुए तत्काल सफाई की गई।



शिवजी व पार्वती का बच्चों ने धरा वेश।

## गायत्री शक्तिपीठ पर 500 श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में प्रातःकाल से ही धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम आरंभ हो गया। सामूहिक रुद्राभिषेक में लगभग 500 श्रद्धालुओं ने एक साथ महाकाल भगवान की आराधना की। प्रातः आरती के पश्चात 108 दंपत्तियों ने सजल श्रद्धा के परिसर मे भगवान शिव का अभिषेक किया। वैदिक कर्मकांड का संचालन आचार्य डॉ. दयानंद समेले ने किया। शिवलिंग का अभिषेक गंगाजल, गन्ने के रस, कच्चे दूध, शहद, घी और मिश्री से विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया। रमेश नागर ने अपने संबोधन में व्यसनमुक्त जीवन का संदेश देते हुए युवाओं को सृजनात्मक कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया।



### शबरी नगर में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

*इसी क्रम में गायत्री शक्तिपीठ के अलावा भोपाल उत्तर स्थित बैद्यनाथ कॉलोनी, शबरी नगर में करोंद चेतना केंद्र के माध्यम से 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 70 मरीजों का परीक्षण कर औषधि वितरित की गई। साथ ही इमलिया स्थित श्रीराम गोशाला में गोपेश्वर महादेव का पूजन-अभिषेक भी किया गया।*

### भगवान शिव का भस्म आरती से हुआ अभिषेक



आनंदेश्वर मंदिर में शिव व भवानी।

छोला विश्रामघाट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का भस्म आरती के साथ अभिषेक किया गया। इस दौरान सुबह से मंदिर में शिव भक्तों का आना शुरू हो गया था और देर रात तक शिव पूजा-अर्चना का दौर चला।

## महाशिवरात्रि पर श्रीराम कॉलोनी में पूरी रात चलता रहा रुद्राभिषेक

होशंगाबाद रोड स्थित श्रीराम कॉलोनी में बने भव्य गणेश मंदिर में पं. नरेश शास्त्री के सानिध्य में रात 9 बजे से शुरू हुआ रुद्राभिषेक सुबह 4 बजे तक चला। सुबह पांच बजे मंदिर समिति के प्रमुख सुनील उपाध्याय और साथियों ने मंडीदीप स्थित कलियासोत नदी में सभी रुद्रियों का विसर्जन किया। इसके लिए दिनभर पूरी कॉलोनी के लोगों ने रुद्रियों का निर्माण कर पुण्य लाभ कमाया।



### पांच लाख लीटर दूध की बढ़ी खपत

शिवरात्रि के अवसर पर भक्त गण ने भगवान शिव का दूध व दही से अभिषेक किया। इसके चलते राजधानी में अन्य दिनों की अपेक्षा दूध की पांच लाख लीटर व दही की एक हजार लीटर की खपत बढ़ गई।

### हर 100 कदम पर भंडारे हुए

महाशिवरात्रि पर्व पर जहां शहर में विभिन्न मंदिरों में शिव बारात और रुद्राभिषेक हुए, वहीं जगह-जगह कन्या भोज और भंडारे भी हुए। ऐसा राजधानी में हर 100 कदम पर दिखाई दिया। शहर के चौक चौराहों पर प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा शिवरात्रि पर ठंडाई व व्रत का फलाहार वितरित किया गया।

# महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु, धूमधाम से निकली शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शिव मंदिर अर्जुन नगर रेलवे कॉलोनी शिव मंदिर विद्युत विभाग कॉलोनी शिव मंदिर सबसे प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा।

भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, जल व पुष्प अर्पित कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसरों में हर हर महादेव के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्त भाव-विभोर नजर आए। अर्जुन नगर शिव मंदिर में भक्तों ने बम बम भोले के जयकारे लगाए। इस अवसर पर वचन लोधी, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सिंह, रवि शंकर राय, आरती यादव, राहुल प्रजापति, इंग्लैंश यादव ने जयकारे लगाए।

**श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, जल व पुष्प अर्पित कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की**



शिव मंदिर प्रांगण में जयकारे लगाते श्रद्धालु।

**कई स्थानों पर भजन-कीर्तन का आयोजन भंडारों में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण**



भोजपुर नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव एवं महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया।



महाशिवरात्रि पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने भगवान महादेव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।

### व्यापार महासंघ ने मनाई महाशिवरात्रि



महाशिवरात्रि पर व्यापार महासंघ ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। नगर की सुख-समृद्धि, शांति, एकता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, कैलाश डब्बू नागर, प्रदीप अरोरा, विवेक मित्तल, आशीष दीक्षित, रतन मेघानी, राजू भाई पटेल, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, मनोज मेघानी, बल्लू अरोरा, रमेश वासवानी आदि ने पूजा-पाठ कर आरती की।

हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी उद्योग नगरी

## सतलापुर में भगवान शिव की निकली बारात लोग बने बाराती, भजन संध्या का आयोजन

**मंडीदीप।** सतलापुर में सुशील शर्मा मित्र मंडल एवं सतलापुर वासियों ने भव्य शिव बारात निकाली। जिसमें मुख्य रूप से वार्ड 14 पीपलेश्वर मंदिर से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर दूध, शहद, व्हील पत्र समेत धतूरे का भोग लगाकर शिवजी की पूजा-अर्चना की गई। विभिन मार्गों से होते हुए पीपलेश्वर मंदिर में बारात का समापन हुआ। कार्यक्रम में भगवान शिव की बर्फानी स्वरूप झांकी एवं डीजे, ढोल नगाड़े, शिवजी की प्रतिमा आकर्षण का केंद रहे। इस अवसर पर वार्ड के पूर्व पार्षद भाजपा जिला मंत्री सुशील अर्चना शर्मा, गोल्डी यादव, सत्यम पाल, ललित, पुष्पेंद्र, शोभित, शरद, शुभम राजपूत, मनोज लोधी, समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे। वार्ड 24 में मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव के प्रांगण में भजन संध्या हुई। जिसमें भगवान शिव के श्लोक एवं भजन प्रस्तुत किए गए।





शिव बारात में भोलेनाथ की पूजा करते श्रद्धालु।

---

### खबर संक्षेप



**विधायक कप 2026 टूर्नामेंट का समापन**

**औबेदुल्लागंज।** उमरिया खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट महाकुंभ विधायक कप 2026 तहसील स्तरीय टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस अवसर पर विजेता मालिक 11 एवं उपविजेता कुमडी टाइगर्स को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर, पार्षद दीपू परमार, किसान कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू, भाजपा नेता पवनज्योत सिंह खालसा एवं आयोजक संजू चौकसे को सफल आयोजन की बधाई दी।

**नवम विशाल पदयात्रा को लेकर हुई बैठक**



**नजीराबाद।** श्री धर्मश्री समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष श्री कामखेड़ा बालाजी राजस्थान के लिए निकलने वाली पदयात्रा के संबंध में नगर नजीराबाद स्थित चित्रांश विद्यालय में नवम विशाल पदयात्रा के सम्बंध में रविवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें यात्रा का समय, यात्रियों की संख्या, यात्रा के विभिन्न पड़ावों के विषय में चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 फरवरी को नजीराबाद हनुमान मढ़ी से यात्रा प्रारंभ होकर 24 फरवरी मंगलवार को कामखेड़ा बालाजी राजस्थान पहुंचेगी। यात्रा का पहला पड़ाव मधुसूदनगढ़, दूसरा पड़ाव बीनागंज, तीसरा पड़ाव मनोहरथाना व यात्रा चौथे दिन कामखेड़ा बालाजी राजस्थान पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात यात्रा समाप्त होगी। बैठक में श्री धर्मश्री के संरक्षक नूतन सक्सेना एवं धर्मश्री अध्यक्ष कृष्णराज सिंह तोमर गन्नू बना व धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

**गिरफ्तारी से पहले बताना होगा कारण**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय की अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले उसे गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी देना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो गिरफ्तारी अवैध मानी जाएगी और संबंधित अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की स्थिति बन सकती है। सीआईडी ने यह एडवाइजरी पुलिस कमिश्नर कार्यालयों, एसटीएफ, नारकोटिक्स और साइबर सेल सहित सभी प्रमुख इकाइयों को भेजी है। निर्देशों में कहा गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी समझ में आने वाली भाषा में गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में बताए जाएं। यदि तत्काल लिखित सूचना देना संभव न हो तो पहले मौखिक रूप से जानकारी दी जाए।

---

बटन बंद करने के बाद भी रॉड में आ रहा था करंट


## पानी गर्म करने वाली रॉड से लगा करंट, 7वीं कक्षा के छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित पुराना नगर आनंद नगर की घटना परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया*

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित पुराना नगर आनंद नगर में रविवार सुबह पानी गर्म करने वाली रॉड से पानी गर्म कर रहे सातवीं कक्षा के छात्र की करंट लगने से मौत हो गई। बाल्टी से रॉड निकालने से पहले उसने इलेक्ट्रिक बोर्ड की बटन बंद कर दी थी। बावजूद इसके रॉड में करंट आ रहा था। रॉड पर हाथ लगते ही उसे जोरदार झटका लगा। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पुराना नगर आंनद नगर में रहने वाले राजकुमार चौकसे टैक्सी ड्रायवर हैं। परिवार में पत्नी और दो बच्चे थे। छोटा बेटा केशव चौकसे (12)



निजी स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था जबकि उससे बड़ा 14 साल का बेटा है।

**स्विच खराब होने से बिजली सप्लाई नहीं हुई बंद**

महाशिवरात्रि का त्योहार होने की वजह से रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे मां ने केशव से कहा कि नहाकर तैयार हो जाओ। पानी गर्म करने के लिए इलेक्ट्रिक रॉड बाल्टी में लगा दी थी। नहाने के लिए केशव ने बोर्ड से बटन की और रॉड बाहर निकालने के लिए हाथ बढ़ाया। उसे मालूम नहीं था कि स्विच खराब होने के कारण बिजली सप्लाई बंद नहीं हुई थी। लिहाजा रॉड केशव के हाथ से चिपक गई और उसे जोरदार करंट लग गया। परिजन बेसुध हालत में केशव को नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन पूर्व में ही उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल से पुलिस को घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि बच्चे के हाथ की अंगुली और अंगूठा बुरी तरह झुलसा हुआ था। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### शादी से लौट रहे युवक की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आश्रम चौराहा के पास अब्बास नगर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। वह शादी में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। गंभीर हालत में उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। आरोपी चालक और वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक टैगोर वार्ड गांधी नगर निवासी मोहित सौदे (32) प्राइवेट स्कूल की बस चलाता था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे वह शादी से लौट रहा था। इस दौरान अब्बास नगर आश्रम चौराहा के पास ईस्टर्न पब्लिक स्कूल के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। वहां से गुजर रहे कुछ कॉलेज छात्रों ने घायल मोहित के मोबाइल से उसके दोस्त को कॉल कर हादसे की जानकारी दी।

### मकान का गेट तोड़कर नगदी सहित चार लाख के जेवर चोरी

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित पारस हेरिटेज में बैंककर्मी के सूने मकान से अज्ञात बदमाश तीन हजार रुपए की नगदी सहित जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश करीब चार लाख रुपए का माल उनके घर से ले गए हैं। घटना के समय बैंककर्मी मायके बागसेवनिया गई हुई थी। रविवार सुबह घर में काम करने वाली नौकरानी ने उनके घर का गेट टूटे देखा और उन्हें मोबाइल पर जानकारी दी। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार नेहा मीणा पति आशीष वर्मा (35) पारस हेरिटेज मिसरोद में रहती हैं। उनके पति शहर के बाहर रहते हैं और बैंक में नौकरी करते हैं। मीणा भी बैंक ऑफ बड़ौदा में पदस्थ हैं और उनकी ड्यूटी कोटरा सुलतानाबाद स्थित ब्रांच में है। शिवरात्रि की छुट्टी होने के कारण शनिवार सुबह 11 बजे वह घर के मुख्य गेट पर ताला लगाकार चौकीदार को गेट की चाबी देकर अपने मायके बागसेवनिया चली गई थीं। रविवार सुबह नौकरानी ने गेट टूटा देखा और नेहा को कॉल किया। बैंककर्मी घर पहुंची तो गेट टूटा था, आलमारी का लॉकर तोड़कर अज्ञात बदमाश तीन हजार रुपए सहित चार लाख रुपए के जेवर चुराकर ले जा चुके थे। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आरोपियों की तलाश जारी है।

खुद को बताया आरटीआई कार्यकर्ता

## *अस्पताल संचालक से 10 लाख की अड़ीबाजी, जाति सूचक शब्द कहे, तीन पर एफआईआर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित करोंद में निजी अस्पताल का संचालन करने वाले संचालक से दस लाख रुपए की अड़ीबाजी का मामला सामने आया है। तीन आरोपी खुद को आरटीआई कार्यकर्ता और पर्यावरण विद बताकर संचालक से दस लाख रुपए की अड़ीबाजी कर रहे थे। तीनों धमकी दे रहे थे कि यदि रुपए की व्यवस्था नहीं की तो अस्पताल बंद करा देंगे। उनके पास आरटीआई से ली गई जानकारी में अस्पताल की कई खामियां निकली है। अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड हो जाएगा।

पुलिस के अनुसार राजकुमार सूर्यवंशी (38) नवीबाग में रहते हैं। मूलतः विदिशा में रहने वाले राजकुमार सूर्यवंशी करोंद में निजी अस्पताल का संचालन करते हैं। गत 24 अक्टूबर 2025 को उनके पास नीरज यादव पहुंचा और उसने खुद को आरटीआई कार्यकर्ता बताया। उसने कहा कि आपके अस्पताल आरटीआई से जानकारी प्राप्त की है। अस्पताल में कई खामियां निकली। दस लाख रुपए की व्यवस्था कर लो नहीं तो अस्पताल पर ताला लग जाएगा। तीन फरवरी को नीरज यादव अपने साथी अक्षय शर्मा और धनराज राजपूत को लेकर करोंद गया। वहां चाय की होटल पर फिर लेनदेन की चर्चा हुई। इस दौरान छह लाख रुपए पर मामला खत्म करने की बात हुई। इस पर राजकुमार सूर्यवंशी ने कहा कि वह एक रुपए भी नहीं देगा, जो करना है कर लों। इस पर आरोपियों ने उनसे गालीगलौज करते हुए जातिसूचक शब्द भी कहे थे।

*अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कराने की दी धमकी*

**मोबाइल से किया स्टिंग**

राजकुमार सूर्यवंशी ने पुलिस को बताया कि गत अक्टूबर महीने से आरोपी उनसे अड़ीबाजी कर रहे थे। अड़ीबाजी की शिकायत पर पुलिस से करना चाहते थे, लेकिन उनके पास पर्याप्त सबूत नहीं थे। उन्होंने आरोपियों का मोबाइल पर स्टिंग किया। स्टिंग का वीडियो पुलिस को सौंपते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उक्त मामले में नीरज यादव, अक्षय शर्मा और धनराज राजपूत पर अड़ीबाजी, एट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संतनगर की अग्रणी संस्था लाइफ लाइन स्कूल के आयोजित वार्षिक उत्सव में बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसको अतिथियों ने सराहा। भूमरो भूमरो, राजस्थानी डांस, पंजाबी, सिन्धी डांस के अलावा मोबाइल से नुकसान पर नाटक, दिल है छोटा सा, धुरंधर आदि गानों पर परफॉर्म किया। वर्ष भर में जो गतिविधियां बाल दिवस, वार्षिक खेलकूद, कृष्ण बनो पतंग सजाओ, दीपक सजाओ फायर लैस कुकिंग, राखी बनाओ प्रतियोगिता के विद्यार्थियों को अवॉर्ड अतिथियों ने दिए। यहां पर बेस्ट टीचर का अवॉर्ड भावना चांदनानी को मिला।



स्कूल के वार्षिक प्रोग्राम के कैलेंडर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु लालवानी ने की जबकि विशिष्टतम अतिथि कमलेश रायचंदानी, विशेष अतिथि मनीष दरयानी, टीएस बावल रहे।

### स्पा में युवती का सहकर्मी ने बनाया आपत्तिजनक वीडियो

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित एक मॉल में संचालित स्पा में युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। युवती ने आरोप लगाया है कि महिला सहकर्मी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाकर अपने प्रेमी को भेजा है। पीड़िता ने मिसरोद पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, एक साल पहले उसके कपड़ों पर चाय गिर गई। वह कपड़े बदलने के लिए गई थी, लेकिन उसकी सहकर्मी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। यह वीडियो अपने प्रेमी और कुछ अन्य लोगों को शेयर किया है।

विशाल भंडारे का किया आयोजन

## सुषमा स्वराज की जयंती पर भव्य भजन संध्या निकुंज कामरा के भजनों पर जमकर भक्त झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में स्वर्गीय सुषमा स्वराज की जयंती पर जयप्रकाश शर्मा के तत्वावधान में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा ने भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। जैसे ही भजन गूंजे, लोग झूमने लगे। पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

आयोजक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्व. सुषमा स्वराज के सेवा भाव और राष्ट्र समर्पण को स्मरण करते हुए समाज में धार्मिक चेतना एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पद्म विभूषित स्वर्गीय सुषमा स्वराज को पुष्पांजलि दी गई।







**आयोजन के लिए जेपी शर्मा का सम्मान किया**

पूर्व साडा अध्यक्ष मीसा बंदी रामकिशोर शर्मा, अशोक मित्तल, रामेश्वर नागर, देवेंद्र सिंह राजू, राजेश खटीक, कमल मालवीय, बागिश अग्रवाल, विनोद इरपाचे, संजय सिंह चौहान, मनीष गोसिंदे, जेपी मिश्रा, उत्तम नागर, माखन सेन, बाला सैनी, त्रिलोचन सिंह बिट्टू, सुदामा तिवारी ने स्वर्गीय सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि दी। भजन संध्या का आयोजन करने पर जेपी शर्मा का सम्मान किया गया। आयोजक जेपी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**छोला मंदिर पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर दर्ज किया प्रकरण**

पीड़ित के खाते से रोजाना 25 हजार रुपए निकलने लगे

## एपीके फाइल डाउनलोड कराकर मोबाइल हैक किया, ढाई लाख रुपए की लगी चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर पुलिस ने 69 साल के बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। दरअसल आरोपियों ने फरियादी को एक एपीके (एन्ड्रॉयड पैकेज्ड किट) फाइल वाट्सएप पर भेजी थी।

फाइल डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। साइबर सालसाज उनके बैंक खाते से प्रतिदिन 25 हजार रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करने लगा। संदेह होने पर बैंक की ओर से ही बुजुर्ग को कॉल कर सूचना दी गई। बाद में बैंक की ओर से होल्ड करने पर रकम निकालने का सिलसिला बंद हो सका। तब तक



जालसाज दो लाख 57 हजार रुपए फरियादी के खाते से निकाल चुके थे। सायबर सेल ने जांच के बाद जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी छोला मंदिर पुलिस को भेजी है। फिलहाल फरियादी के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं।

**वाट्सएप नंबर पर एपीके फाइल भेजी गई**

एसआई महेश सरयाम ने बताया कि ईको ग्रीन पार्क कॉलोनी अयोध्या बायपास निवासी बृजेश राय (69) प्राइवेट काम करते हैं। जनवरी माह में उनके वाट्सएप नंबर पर किसी अंजान नंबर से एपीके फाइल भेजी गई। उन्होंने एपीके फाइल डाउनलोड कर ली। फाइल डाउनलोड होते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। मोबाइल हैक होते ही 25 जनवरी से उनके खाते से रोजाना 25 हजार रुपए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर होने लगे। यह सिलसिला 14 दिन तक सात फरवरी तक चला। इस बीच उनके खाते से कुल दो लाख 57 हजार रुपए दूसरे खातों में ट्रांसफर हो चुके थे। संदेह होने पर सात फरवरी को बैंक के कस्टमर केयर से फरियादी बृजेश राय को कॉल कर खाते से पैसा ट्रांसफर होने की जानकारी दी। फरियादी ने अनभिज्ञता जाहिर की। नतीजतन बैंक की ओर से स्टॉप पैमेंट कर दिया गया। फरियादी ने घटना की लिखित शिकायत साइबर सेल मे की थी। जांच के बाद साइबर सेल ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी छोला मंदिर थाने भेजी है।

### निजी स्कूल की टीचर के अश्लील वीडियो होने वाली ननद को भेजे

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र में निजी स्कूल की टीचर के अश्लील वीडियो ननद को भेजने का मामला सामने आया है। दरअसल, टीचर की चार साल पहले घर में फेब्रिकेशन का काम करने आए युवक मोहित रैकवार से दोस्ती हो गई थी। दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। चार साल बाद टीचर के परिजन ने उसकी शादी तय कर दी। यह बात पता चलते ही युवक आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। हद तो उस समय हो गई, जब उसने टीचर की होने वाली ननद को इंस्टाग्राम पर टीचर के अश्लील वीडियो भेज दिए। पुलिस ने टीचर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## मानस कल्याण समिति संचालित स्कूल की हो लोकायुक्त से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मानस कल्याण समिति के आजीवन सदस्य अशोक मित्तल, विनोद इरपाचे, पूर्व कोषाध्यक्ष कमल मालवीय, वरिष्ठ प्रेम नारायण सोनी, उत्तम यादव ने बताया कि सन 2000 में मानस कल्याण समिति ने स्कूल निर्माण के लिए चार एकड़ जमीन खरीदी थी, जिसमें स्कूल बनना था। संस्था के पास 70 लाख रुपए भी तत्कालीन अध्यक्ष अशोक मित्तल ने जमा कर छोड़े थे। जिससे सरस्वती शिशु मंदिर के लिए भवन बनना था। बताया गया कि आजीवन सदस्य स्वर्गीय जितेंद्र कुमार मित्तल चाहते थे कि वरिष्ठ विजय कोठारी को मानस कल्याण समिति में आजीवन सदस्य बनाया जाना चाहिए, मगर विजय कोठारी को सदस्य नहीं बनने दिया गया।



**बदलाव लाने प्रयास किए**

2016 से आजीवन सदस्य मानस कल्याण समिति में बदलाव लाने के लिए वरिष्ठ विजय कोठारी कार्रवाई करते रहे। पूर्व कोषाध्यक्ष कमल मालवीय की चिंता है कि मानस कल्याण समिति द्वारा संचालित स्कूल की लोकायुक्त से जांच हो। इसी कारण मानस कल्याण समिति का मामला हाई कोर्ट में वरिष्ठ विनोद इरपाचे ले गए।

# कथक नृत्य और लोक संगीत के संगम में शिवोहम का दिव्य अनुभव



अपनी शिष्या के साथ कथक नृत्य की प्रस्तुति देते पं. दीपक महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन की 44वीं वर्षगांठ पर आयोजित दस दिवसीय उत्सव का यह दिन लोक और शास्त्र, भक्ति और भाव, परंपरा और प्रस्तुति का अद्भुत संगम बन गया। दोपहर में सिनेमा प्रेमियों के लिए अभिनेता धर्मेन्द्र अभिनीत कालजयी फिल्म सत्यकाम का प्रदर्शन हुआ, जिसने सत्य और आदर्शों की संवेदना को जीवंत कर दिया। संगीत संध्या की शुरुआत निमाड़ अंचल की लोकधारा से हुई। पूर्णिमा चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ जैसे ही गणपति वंदना मची रही रणत भवन म होलई... का स्वर छेड़ा, परिसर में आस्था की सादगी उतर आई। निमाड़ी लोकगीतों की विशेषता है कि वे केवल गाए नहीं जाते, वे जीए जाते हैं। इनमें खेत की मिट्टी, ऋतु का रंग, पारिवारिक संबंधों की आत्मीयता और देवी-देवताओं के प्रति सहज श्रद्धा, सब एक साथ गुंथे रहते हैं।

- भारत भवन में आयोजित 44वें वर्षगांठ पर विभिन्न प्रस्तुतियां
- रविवार रंग, राग और रस की त्रिवेणी बनकर उतरी



**कथक नृत्य में शिव आराधना की अद्वितीय प्रस्तुति :** संध्या की अंतिम प्रस्तुति कथक नृत्य की थी, जिसमें पंडित बिरजू महाराज के पुत्र पंडित दीपक महाराज और उनकी शिष्याओं ने शिव आराधना को नृत्य में साकार किया।

### इन गीतों की दी प्रस्तुति

अगले क्रम में कलाकारों ने झूलत गिरिजा संग उमापति..., झूला गीत में पार्वती-शिव के दांपत्य का माधुर्य था, तो अबको चौमासो मारूजी घर रहो जी... जैसे गीत प्रस्तुत किये। इसके उपरांत पूर्णिमा ने शरद पूर्णिमा पर आधारित गीत ऊँग्यो शरद पून्यो को चाँद... और टेसू फल्यो अतिभार नणद बाई...गीत की प्रस्तुति दी।



### धार्मिक कथावाचन की ध्वनिक परंपरा

हिमाचल की मुसाधा गायन परंपरा यह शैली केवल गायन नहीं, धार्मिक कथावाचन की ध्वनिक परंपरा है। इसकी ध्वनि भगवान विष्णु की आत्मिक पुकार से उत्पन्न मानी जाती है। कलाकारों ने महाशिवरात्रि प्रसंग पर आधारित शिव कैलाश के वासी... से आरंभ कर लगइयो चढ़ाइया शिव दे कैलाश शादी... और बारात चली भोले की... मेरे भोला है भंडारी... महादेव तेरा डमरू डम डम...जैसे गीत प्रस्तुत किए। अंत में कलाकारों ने तेरी नगरी उज्जैन शिवाय... गीत प्रस्तुति दी।

## शिवत्व की आध्यात्मिक आभा से आलोकित 'महादेव' भोजपुर महोत्सव

# जय शंभू, जय जय शंभू भोले...काशी वाले देवघर वाले

### भोजपुर मंदिर परिसर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचीन एवं दिव्य स्थल भोजपुर मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 'महादेव' भोजपुर महोत्सव का आयोजन रविवार शाम को किया गया। इस तीन दिवसीय महोत्सव को मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन रायसेन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन की अंतिम प्रस्तुति के रूप में मुंबई से आए मशहूर भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा एवं साथी की रही। उन्होंने अपने चिर–परिचित और आस्था से ओतप्रोत अंदाज में एक से बढ़कर एक भजनों की ऐसी सुरधारा प्रवाहित की कि पूरा परिसर मानो शिवमय हो उठा। हर शब्द में श्रद्धा, हर आलाप में समर्पण और हर ताल में भक्ति का कंपन अनुभव किया गया। श्रोतागण भाव–विभोर होकर कभी ताली, तो कभी हर–हर महादेव के उद्घोष लगाते रहे। मंत्रमुग्ध कर देने वाली स्वर–लहरियों ने वातावरण को शिव–तत्व की दिव्य सुगंध से आलोकित कर दिया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरुआत जय शंभू जय जय शंभू.... जय जय जय काशी वाले, काशी वाले, देवघर वाले भजन के साथ की। इसके बाद उन्होंने अपने लोकप्रिय भजनों से श्रद्धालु श्रोताओं को भक्ति के रस से सराबोर कर दिया। महादेव की अलौकिक उपस्थिति और शिवत्व की आध्यात्मिक आभा से आलोकित यह महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम बनकर श्रद्धालुओं एवं कला-रसिकों को भावविभोर कर रहा था। भव्य शिवालय की विराटता के मध्य गूंजते लोकगीत एवं भजन से सजी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां वातावरण को दिव्यता से अनुप्राणित कर रही थीं।



भजनों की प्रस्तुति देते लक्खा व उनके साथी।

### भोजपुर महोत्सव में आज

भोजपुर महोत्सव में आज 16 फरवरी को सायं 6:30 बजे से सुश्री शीला त्रिपाठी एवं साथी, भोपाल का लोकगायन, भावना शाह एवं साथी मुम्बई का शिव महिमा नृत्य नाटिका एवं सुविख्यात गायिका महालक्ष्मी अय्यर एवं साथी, मुम्बई द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति होगी।

### शिव शंकर बनके दुल्हा मोरी नगरिया आए जू



पहले दिवस की पहली प्रस्तुति बुंदेली लोकगायन की रही। सागर के ऋषि विश्वकर्मा एवं साथी कलाकारों ने अपने गीतों से ऐसा समां बांधा कि श्रोताओं के अंतर्मन तक शिवत्व की धारा प्रवाहित कर दी। उन्होंने शुरुआत शिव शंकर बनके दुल्हा मोरी नगरिया आए जू.... एवं गौरा व्याहन भोला की बारात है चली.... से शिव बारात का अलौकिक स्वरूप स्वरों के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

### सागर के उमेश ने दी बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति



अगली प्रस्तुति बुन्देलखण्ड के सुप्रसिद्ध बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की रही। उमेश नामदेव एवं साथी, सागर द्वारा नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। बधाई नृत्य, जो मांगलिक एवं शुभ अवसरों पर किया जाता है। शिवरात्रि के पावन अवसर पर इस नृत्य के माध्यम से मंच पर दिव्य आनन्द बिखर गया। इसके बाद बरेदी लोकनृत्य में परम्परा, संस्कृति एवं जीवन का उल्लास देखने को मिला।

# 1975 से कावड़िया संघ से जुड़ा, तब से हर वर्ष तक 100 किमी नंगे पैर कावड़ यात्रा करता हूं....

भोजपुर महोत्सव में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मैं बचपन से ही भक्ति संगीत के करीब रहा हूं और यही मुझे ईश्वर के काफी करीब लेकर जाता है। 1975 से मैं कावड़िया संघ से जुड़ा और तब से हर वर्ष तक नंगे पैर कावड़ यात्रा में जाता, करीब 100 किमी नंगे पैर चलकर जाता और लगता है तभी से मेरे भोले बाबा मुझ पर प्रसन्न हुए और भक्ति संगीत में लखबीर सिंह लक्खा एक नाम या पहचान बन गया। यह कहना है प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा का जो भोजपुर महोत्सव में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवंत से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

### मां पूर्णागिरि पर फिल्म बनाई

2015 में मैंने उत्तराखंड की पूर्णागिरि मन्दिर, जो उत्तराखण्ड प्रान्त के शहर टनकपुर में अन्नपूर्णा शिखर पर 5500 फुट की ऊँचाई पर है, उस पर आधारित फिल्म बनाई, जिसे बनाने के पीछे मेरा उद्देश्य लोगों को माता की एक खंडपीठ से अवगत कराना था, जहां माता सती की नाभि गिरी थी और वह स्थान मां पूर्णागिरि कहलाती है। लेकिन अब फिल्म बनाने की कोई योजना नहीं।

### भोपाल के लोग धार्मिक होने के साथ-साथ बड़े खुशनसीब भी

वहीं, भोजपुर महोत्सव में प्रस्तुति देने के बारे में उन्होंने कहा कि भोपाल आकर मुझे बहुत अच्छा लगता है, यहां के लोग धार्मिक होने के साथ-साथ बड़े खुशनसीब भी हैं कि भक्ति संगीतों को दिल से जीते हैं और खुश रहते हैं।

### भजन क्लबिंग कुछ नहीं, बस गायक की आकर्षक वेशभूषा है

वहीं, भजन क्लबिंग के ट्रेंड के पर उन्होंने कहा कि भजन क्लबिंग में कुछ नहीं है, वही भजन है, वही म्यूजिक, न ही उसमें कुछ म्यूजिक का ज्यादा योगदान है, न इंस्ट्रूमेंट का। यदि योगदान है तो भजन गायक की वेशभूषा का।

### डॉ. अजय मेहता के उपन्यास 'वह 71 दिन' का विमोचन कल



**भोपाल।** राजधानी के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय मेहता वर्षों से चिकित्सा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। डॉ. मेहता चिकित्सक बाद में,उसके पहले एक अच्छे इंसान के रूप में ज्यादा प्रसिद्ध हैं। लेकिन कहते हैं कि समय सबका एक जैसा नहीं होता, ऐसा ही कुछ डॉ.अजय मेहता के साथ आज से लगभग 10 साल पहले हुआ था। जब डॉ. अजय को अपमान का घूंट भी पीना पड़ा था तथा किसी मामले में जेल में 71 दिन रहना पड़ा था। उस कठिन दौर को उन्होंने धैर्यपूर्वक निकाला। उन्हें यह विचार आया कि जेल में बिताए उन पीड़ादायक दिनों को पुस्तक-उपन्यास का स्वरूप दिया जाए। डॉ. अजय शंकर मेहता की इस पुस्तक(उपन्यास) का लोकार्पण 17 फरवरी को श्यामला हिल स्थित एक होटल में शाम 5:30 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीधर पराड़कर होंगे। अध्यक्षता अजय गुप्ता करेंगे जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी उपस्थित रहेंगे।

# परस्परता का जीवंत उदाहरण है जयदेव का गीत गोविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छतनारा के संवाद में विनय उपाध्याय और निशांत ने की कलाओं में परस्परता पर चर्चा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'छतनारा' द्वारा आयोजित संवाद सत्र में प्रख्यात कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने कलाओं में परस्परता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के होस्ट कवि निशांत द्वारा पूछे गए पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए विनय ने कहा कि जीवन, प्रकृति और सुंदरता का सुंदर छंद होती हैं कलाएं। शब्द में, गान में, चित्र में, लय-अभिनय में एक अनूठी दुनिया से हमारा सामना होता है। रस और



अनुभूति से उमगता यह संसार कलाओं की साझेदारी में जीवंत होता है जहां हमारे जीवन की जटिलता और फ़ासले उदारता में सिमट जाते हैं। निशांत ने जब एक कला के दूसरी कला पर प्रभाव और संबंध पर प्रश्न किया तो विनय ने स्पष्ट किया कि कला का हर अनुशासन एक-दूसरे में घुला हुआ है।

# अपात्र गुलबकावली: स्त्री की योग्यता बनाम व्यवस्था का द्वंद्व समकालीन

### नाटक आधुनिक दफ्तर के परिवेश में स्त्री की स्थिति को करता है प्रभावी ढंग से उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बैले ट्रुप में रविवार को नाटक अपात्र गुलबकावली का मंचन किया गया, जो आधुनिक दफ्तर के परिवेश में स्त्री की स्थिति को प्रभावी ढंग से उजागर करता है। पहला दृश्य लगातार होती बारिश और खिड़की के पास रखे गुलबकावली के फूल के प्रतीक के साथ खुलता है। यह फूल स्त्री की भावनात्मक अवस्था, प्रेम में ठगे जाने और सामाजिक उपेक्षा का रूपक बन जाता है।

### भावनाओं और व्यवहारिकता का टकराव

कल्पना वर्मा एक संवेदनशील और भावुक स्त्री है, जो प्रेम और प्रकृति के माध्यम से जीवन को महसूस करती है। इसके विपरीत गुल, जो अकाउंट ऑफिसर है, व्यावहारिक और तर्कप्रधान सोच रखती है। दोनों के संवाद प्रेम, अनुभूति और यथार्थ के दो भिन्न दृष्टिकोण सामने लाते हैं।कार्यस्थल की राजनीति और स्त्री संघर्षदफ्तर का माहौल पुरुष सत्ता का प्रतीक बनकर उभरता है। कुमार बाबू, रामचरण और सोहराब जैसे पात्रों के माध्यम से दिखाया गया है कि किस प्रकार एक सक्षम महिला अधिकारी को आरोप, उपेक्षा और दबाव का सामना करना पड़ता है। उसकी मेहनत का लाभ तो लिया जाता है, पर उसे स्वीकार्यता नहीं मिलती।



# संग्रहालय को जीवित रखने नवाचार जरूरी: शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- राजुरकर राज पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण, साहित्यकारों ने साझा किए संस्मरण

संग्रहालय को जीवंत बनाए रखने के लिए निरंतर नवाचार आवश्यक है। यह बात दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक शशांक ने पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्य अतिथि साहित्यकार गोकुल सोनी ने पुस्तक से जुड़े अनेक संस्मरण सुनाए और कहा कि यह कृति राजुरकर राज के व्यक्तित्व और कृतित्व को उजागर करने वाली खुली किताब है, जिससे उनके पारिवारिक और सामाजिक जीवन को समझा जा सकता है। वी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि किसी व्यक्ति पर लिखना संवेदनशीलता और गहन अध्ययन की मांग करता है। सुरेश पटवा ने राजुरकर के गांव से अंतिम सफर तक की स्मृतियां साझा कीं। जया आर्य और जवाहर कर्णावत ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

### गीत गाता चल के सीजन-2 का आयोजन 19 फरवरी को

**भोपाल।** शहर में 19 फरवरी की शाम रवीन्द्र भवन में "गीत गाता चल" संगीत संध्या शहर के शौकिया फनकारों को मंच का अवसर देगी। संस्थापक लक्ष्मण सिंह और एकता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस संध्या का विशेष आकर्षण गायक अलम हमदुले की प्रस्तुति होगी। सीजन-2 में सुनीता गौतम, राजेश सरीन, रूपा हल्दर, आरती, हार्दिक देव, नारायण सिंह, रवि वेद, डॉली सरीन और मनोज पंजाबी अपनी-अपनी शैली में गीतों का रंग बिखेरेंगे।


### प्रभात साहित्य परिषद की बाबूजी विषय पर काव्य गोष्ठी आयोजित

# आंगन वाला पेड़ मुरझाया सा रहता है...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभात साहित्य परिषद द्वारा 'बाबूजी' विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, राजेन्द्र शर्मा 'अक्षर' के मुख्य आतिथ्य, चरणजीत सिंह कुकरेजा के विशेष आतिथ्य तथा डॉ. अनीता तिवारी के संचालन में किया गया। सुनीता शर्मा सिद्धि ने सरस्वती वंदना का पाठ किया। इसके बाद प्रेमचंद गुप्ता ने पढ़ा हम क्या जाने गर्मी सर्दी बाबूजी, हम कब चलते अपनी मर्जी बाबूजी। वहीं रमेश नन्द ने पढ़ा-घर घर की है हांडी फूटी, बाबूजी सोते बाड़े में, कालिज पास हो गया बेटा अम्मां ठिठुर रही जाड़े में। वहीं, कमल सिंह कमल ने पढ़ा-बच्चों की सुख दुख की साथी सीख तुम्हारी बाबूजी] पग पग पर है राह दिखाती सीख तुम्हारी बाबूजी। वहीं चरणजीत कुकरेजा ने पढ़ा घर तेरे बिन घर न लगता बेटा



जल्दी आया कर, चार निवाले एक प्रहर तो साथ बैठकर खाया कर। वहीं राजेंद्र शर्मा अक्षर ने पढ़ा आंगन वाला पेड़ आजकल मुरझाया सा रहता है, बना लिया है उसकी जड़ में दीमक ने घर बाबूजी। वहीं दिनेश भदौरिया शेष ने पढ़ा छू न सका मुझको कभी जीवन का सन्ताप, बाबूजी जब तक रहे मेरे रक्षक आप। इनके इलावा अंशुमान खरे, विरोनिका पीटर, शोभा जोशी, डॉ सीमा अग्रवाल, कृष्ण देव चतुर्वेदी, डॉ प्रतिभा, आबिद काजमी, उमेश तिवारी आरोही, मोहम्मद ताहा अल हुसैन आदि ने भाग लिया। रमेश नन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## ऑनलाइन वर्कशॉप को जाने माने विशेषज्ञों ने संचालित किया

# एमसीयू: 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने स्पुतनिकप्रो की व्यावहारिक फोटो पत्रकारिता वर्कशॉप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने पत्रकारिता विभाग के सभागार में स्पुतनिकप्रो ऑनलाइन कार्यशाला में हिस्सेदारी की। इस वर्कशॉप का शीर्षक था : मीडिया के लिए फोटो रिपोर्टः न्यूज़ एजेंसी, प्रिंट एवं इंटरनेट को कैसे शूट करें? ज़रूरी चीज़ें और सावधानियां।





इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ संकाय सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। कार्यशाला को विशेषज्ञों ने संचालित किया, जिनमें प्रो. ग्रिगोरी डुकोर, मिस्टर अलेक्जेंडर श्टोल और मिस एकातेरिना वोइकोवा शामिल रहीं।

### विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

एक विद्यार्थी ने भारत में फोटो पत्रकारिता के भविष्य और कृत्रिम बुद्धिमता के ज़माने में प्राकृतिक तस्वीरों की अहमियत के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए वोइकोवा ने कहा कि भारत में दुनिया के कुछ सबसे अच्छे फ़ोटोग्राफर हैं और इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रमाणिकता और मौलिकता हमेशा कीमती रहेगी।

### सोनी कॉरपोरेशन के बैनर तले प्रशिक्षण

# एमसीयू में एआई बेस्ड वीडियो कैमरों पर कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सोनी कॉरपोरेशन, जापान के सहयोग से एमसीयू दर्शन (स्टूडियो) एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उच्च प्रसारण गुणवत्ता वाले वीडियो कैमरों का प्रशिक्षण दिया गया। यह



प्रशिक्षण सोनी कॉरपोरेशन, जापान के भारत में अधिकृत विक्रेता टेलराड अहमदाबाद, दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा दिया गया।

मप्र के आने वाले बजट पर व्यापारी बोले- सिर्फ घोषणाएं नहीं, ठोस राहत चाहिए

# कई व्यापारिक संगठनों ने टैक्स, मंडी शुल्क, स्टांप ड्यूटी और ऑनलाइन कारोबार में राहत की मांग की




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार 18 फरवरी को 2026-27 का पहला पेपरलेस बजट पेश करने जा रही है। डिजिटल फॉर्मेट में आने वाला यह बजट कई मायनों में खास माना जा रहा है, लेकिन प्रदेश का व्यापारी वर्ग साफ कह रहा है। इस बार सिर्फ घोषणाएं नहीं, ठोस राहत चाहिए।

भोपाल सहित प्रदेशभर की मंडियों में व्यवसायरत मंडी व्यापारी संगठन सहित अन्य संगठनों ने टैक्स, मंडी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, ऑनलाइन कारोबार और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर सरकार के सामने खुलकर मांगें रखी हैं। भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन कि ने कहा कि सरकार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए बड़ी राहत की उम्मीद कम है, लेकिन नए टैक्स न लगाए जाएं, यही बड़ी राहत होगी। उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। टैक्स पूरा लिया जाता है, लेकिन सफाई, सडक़ और पानी की व्यवस्था कमजोर है। सरकार को जल और स्वच्छता पर ज्यादा खर्च करना चाहिए। व्यापारी संगठनों कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद भी भोपाल में अलग से लगने वाला कमर्शियल टैक्स व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ है। इस टैक्स पर रोक लगनी चाहिए। हम कोर्ट तक गए, लेकिन अब भी राहत नहीं मिली। अगर इसे खत्म किया जाए तो व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने स्टांप ड्यूटी को लेकर भी असमानता का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि इंडस्ट्रियल सेक्टर को करोड़ों के लोन पर बेहद कम स्टांप ड्यूटी देनी पड़ती है, जबकि व्यापारी को लोन लेने से पहले भारी स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ती है। इसे खत्म या कम किया जाए, तभी व्यापार को गति मिलेगी। हर साल उम्मीद रहती है, लेकिन राहत नहीं मिलती। उन्होंने मांग की कि मंडी टैक्स पूरी तरह खत्म हो। एक तरफ जीएसटी ले रहे हैं, दूसरी तरफ मंडी टैक्स भी यह दोहरी मार है। उन्होंने पेट्रोल और डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की मांग की। साथ ही दालों के आयात पर अधिक एक्सपोर्ट, इंपोर्ट ड्यूटी में कमी और किसानों को सीधी राहत देने की बात कही।


मंडी का फाइल फोटो

### मंडी टैक्स और लाइसेंस प्रक्रिया पर नाराजगी

भोपाल थोक चावल दाल व्यापारी संघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी ने कहा कि बजट में अक्सर महिलाओं पर ज्यादा फोकस रहता है, लेकिन व्यापारियों के लिए ठोस प्रावधान कम होते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश गेहूं, धनिया, लहसुन और सरसों उत्पादन में अग्रणी है, लेकिन मंडी शुल्क और लाइसेंस प्रक्रिया सबसे महंगी यहीं है। साहू ने ऑनलाइन कारोबार से पारंपरिक व्यापार पर पड़ रहे असर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ऑफलाइन व्यापार 30त्न तक सिमट गया है। सरकार हमें व्यवस्थित करने और सुरक्षा देने की योजना बनाए।

### स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग को चाहिए बड़ा पैकेज

व्यापारी संगठन के सचिन संतानी ने बजट में स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए विशेष फंड की मांग की। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों ने स्टार्टअप और हाईवे आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया है। मध्य प्रदेश में भी भोपाल और इंदौर को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए प्रोत्साहन पैकेज होना चाहिए।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट दर्ज

# देश के स्वर्ण भंडार की वैल्यू में मात्र सात दिन में करीब 1.28 लाख करोड़ की कमी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों ने आर्थिक जगत को हैरान कर दिया है। लगातार चार हफ्तों की जोरदार बढ़त के बाद देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मात्र एक सप्ताह के भीतर देश के स्वर्ण भंडार की वैल्यू में 14 बिलियन डॉलर (करीब 1.28 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमी आई है। आरबीआई के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले सप्ताह यह 723.774 अरब डॉलर के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर था।


स्वर्ण भंडार की फाइल फोटो

### *गोल्ड रिजर्व में 'ऐतिहासिक' उतार-चढ़ाव*

*इस रिपोर्ट का सबसे दिलचस्प पहलू गोल्ड रिजर्व की स्थिति है। पिछले हफ्ते जहां गोल्ड रिजर्व में 14.595 अरब डॉलर का बड़ा उछाल देखा गया था, वहीं इस हफ्ते इसमें 14.208 अरब डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई। जानकारों का मानना है कि वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में बदलाव और आरबीआई की रणनीतिक खरीद-बिक्री इसका मुख्य कारण हो सकती है। 2 जनवरी के बाद यह पहली बार है जब गोल्ड रिजर्व में इतनी बड़ी ऐतिहासिक गिरावट देखी गई है।*

### फॉरेन करेंसी एसेस्ट में जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली

भले ही गोल्ड रिजर्व और कुल भंडार में गिरावट आई हो, लेकिन फॉरेन करेंसी एसेस्ट में जबरदस्त रिकवरी देखने को मिली है। इस सप्ताह एफसीए 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर पर पहुंच गया। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते इसमें 493 मिलियन डॉलर की गिरावट आई थी। एफसीए में होने वाले इस बदलाव में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं की वैल्यू में होने वाला उतार-चढ़ाव शामिल होता है। विशेषज्ञों के अनुसार पिछले कुछ हफ्तों में यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के कारण भंडार में तेजी देखी जा रही थी। पिछले 4 हफ्तों में कुल 36.97 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। वर्तमान गिरावट को एक 'करेक्शन' के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और मुद्रा विनिमय दरों में अस्थिरता का असर सीधे फॉरेक्स रिजर्व पर पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### अवीनो बेबी डेली मॉइश्चर क्लींजिंग बार लांच

**मुंबई।** अवीनो बेबी डेली मॉइश्चर क्लींजिंग बार' ओट्स की शक्ति से भरपूर यह एक प्रीमियम सोप-फ्री क्लींजिंग बार त्वचा को रूखा बनाए बिना बड़ी कोमलता से साफ करता है। खास तौर पर भारतीय बाजार के लिए तैयार किया गया। यह नया उत्पाद, कोलाइडल ओटमील के गुणों से भरपूर है और भारतीय माता-पिता को एक बेहतरीन समाधान देता है, ताकि वे अपने बेबी की संवेदनशील त्वचा का खास ख्याल रख सकें। पीडियाट्रिशियन और डर्मेटोलॉजिस्ट द्वारा मिलकर बनाया गया।

### क्रोमा के समर सेल में 71 फीसदी तक की छूट

**भोपाल।** क्रोमा ने क्रोमा समर सेल 2026 की घोषणा की है। यह सेल देशभर के क्रोमा स्टोर्स पर 28 फरवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर विशेष कीमतें, कैटेगरी ऑफर्स और सीमित समय के लाभ दिए जा रहे हैं। क्रोमा के समर सेल में एसी और प्रीमियम टीवी पर पाए 71 फीसदी तक की छूट का लाभ ग्राहकों को मिलेगा। क्रोमा समर सेल 2026 में सिम्फनी और क्रोमा के एयर-कूलर्स पर भी जबरदस्त डील्स उपलब्ध हैं।

### सुमीत का तिमाही में एबिटडा 115 फीसदी बढ़ा

**सूरत।** सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के तीसरी तिमाही और नौवे माह के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 267.74 करोड़, एबिटडा 16.66 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 9.04 करोड़ रुपए दर्ज हुई। जबकि नौवे माह में कंपनी की कुल आय 786.83 करोड़, एबिटडा 46.09 करोड़ और शुद्ध लाभ 26.88 करोड़ रुपए हुआ। सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेडचे प्रबंध निदेशक प्रतीक आर. जाजू ने कंपनी की कुल आय 267.74 करोड़ रही, जो साल-दर-साल 5.78 फीसदी की वृद्धि को दर्शाती है।

### ड्यूकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज के वित्तीय आंकड़े जारी

**मुंबई।** ड्युकॉन इंफ्राटेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष के तीसरी तिमाही और नौवे माह के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2026 के नौवे माह में कंपनी की कुल आय 321.18 करोड़ रुपए, एबिटडा 20.82 करोड़ और शुद्ध लाभ 9.14 करोड़ रुपए रहा। जबकि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 94.31 करोड़, एबिटडा 5.84 करोड़ और शुद्ध लाभ 2.31 करोड़ रुपए रहा। ड्युकॉन इन्फ्राटेक्नोलॉजीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, अरुण गोविल ने कहा कि यह तिमाही ऐसे समय में स्थिर प्रदर्शन को दर्शाती है।

एनएसई में ट्रेडिंग अकाउंट्स ने 25 करोड़ का आंकड़ा पार किया

# सिर्फ दो महीनों में जोड़े गए एक करोड़ अकाउंट्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स के अकाउंट्स ने एक बड़ा माइलस्टोन पार कर लिया है, फरवरी 2026 में कुल यूनिक ट्रेडिंग अकाउंट्स, या क्लाइंट कोड 25 करोड़ (250 मिलियन) को पार कर गए। एक्सचेंज ने एक ऑफिशियल बयान में यह जानकारी दी।

खास बात यह है कि सबसे हाल के एक करोड़ अकाउंट्स सिर्फ दो महीनों में जोड़े गए, जो कैपिटल मार्केट में पार्टिसिपेशन की तेज रफ़्तार को दिखाता है। पिछले पांच करोड़ अकाउंट्स, जो कुल का 20 परसेंट हैं, सिर्फ पिछले 16 महीनों में जोड़े गए हैं।

> *एसेट क्लास के तौर पर इक्विटी में घरेलू भागीदारी मजबूत हुई*



फाइल फोटो

### एवरेज मंथली एसआईपी इनफ्लो 28,766 करोड़ रुपए रहा

इनडायरेक्ट भागीदारी ने भी रफ्तार पकड़ी है। अप्रैल 2025 और जनवरी 2026 के बीच, लगभग 6 करोड़ नए एसआईपी अकाउंट खोले गए। इस दौरान एवरेज मंथली एसआईपी इनफ्लो 28,766 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल इसी समय में 23,743 करोड़ रुपए था।31 दिसंबर, 2025 तक, इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स - डायरेक्ट पार्टिसिपेंट्स और म्यूचुअल फंड्स के जरिए इंवेस्ट करने वाले दोनों के पास एनएसई -लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइज़ेशन का 18.6 परसेंट हिस्सा था, जो पांच साल पहले 14.6 परसेंट था।

### 25 करोड़ ट्रेडिंग अकाउंट्स को पार करना भारत के लिए है मील का पत्थरः कृष्णन

एक्सचेंज ने कहा कि इंवेस्टर अवेयरनेस इनिशिएटिव्स भी बढ़ाए हैं। एनएसई द्वारा किए गए इन्वेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम्स की संख्या 2025 में दोगुनी से ज्यादा होकर 22,931 हो गई, जिसमें लगभग 12 लाख पार्टिसिपेंट्स शामिल हुए। एनएसई का इंवेस्टर प्रोटेक्शन फंड 31 दिसंबर, 2025 तक साल-दर-साल 18.5 परसेंट बढ़कर 2,791 करोड़ रुपये हो गया। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, श्रीराम कृष्णन ने कहा कि 25 करोड़ ट्रेडिंग अकाउंट्स को पार करना भारत के कैपिटल मार्केट्स के विकास में एक अहम मील का पत्थर है। जिस तेज़ी से सबसे नए अकाउंट्स जोड़े गए हैं, वह घरों में बढ़ते भरोसे और इक्विटीज को लंबे समय की बचत के तरीके के तौर पर ज्यादा स्वीकार करने को दिखाता है।

### ट्रेडिंग अकाउंट्स की कुल संख्या यूनिक रजिस्टर्ड इंवेस्टर्स की गिनती से ज्यादा

एनएसई ने बताया कि 31 जनवरी 2026 तक यूनिक रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 12.7 करोड़ थी, जो 22 सितंबर, 2025 को 12 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई थी। क्योंकि इन्वेस्टर्स कई ब्रोकर्स के साथ अकाउंट रख सकते हैं, इसलिए ट्रेडिंग अकाउंट्स की कुल संख्या यूनिक रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की गिनती से ज्यादा है। राज्य के हिसाब से, महाराष्ट्र 4.2 करोड़ अकाउंट्स के साथ सबसे आगे है, जो कुल का लगभग 17 परसेंट है। उत्तर प्रदेश में 2.8 करोड़ अकाउंट (11.3 प्रतिशत शेयर), गुजरात में लगभग 2.2 करोड़ (8.7 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल और राजस्थान में 1.4 करोड़ अकाउंट (प्रत्येक में 5.8 प्रतिशत शेयर) हैं। टॉप पांच राज्यों में कुल इंवेस्टर अकाउंट का लगभग 49 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि टॉप 10 राज्यों का योगदान 73 प्रतिशत से ज्यादा है। एक्सचेंज ने इंवेस्टर बेस में तेज़ी से बढ़ोतरी का श्रेय तेज़ डिजिटाइजेशन, फिनटेक क्रांति, कम लागत वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के उभरने, बढ़ते मिडिल क्लास और बढ़ते इन्वेस्टर कॉन्फिडेंस को दिया। 11 फरवरी, 2026 को खत्म होने वाले पांच साल के समय में, निफ्टी 50 और निफ्टी 500 ने क्रमशः 11.3 प्रतिशत और 13.7 प्रतिशत का सालाना रिटर्न दिया, जिससे एक एसेट क्लास के तौर पर इक्विटी में घरेलू भागीदारी मज़बूत हुई।

*सीआईआई के इंडियंस भोपाल चैप्टर ने किया 'थिलर वीक' का आयोजन*

# स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए जागरुकता व कौशल विकास से जुड़े सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के यंग इंडियंस भोपाल चैप्टर द्वारा थिलर वीक का सफल आयोजन किया गया। इस सप्ताह के अंतर्गत भोपाल एवं आसपास के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता एवं कौशल विकास से जुड़े सत्र आयोजित किए गए।

> ■ उद्यमिता जैसे विषयों पर छात्रों को जानकारी दी

कार्यक्रम के दौरान आयाम स्कूल, द ओरिएंटल स्कूल, मानसरोवर पब्लिक स्कूल, शासकीय हाई स्कूल, नवीन छावनी, रेड रोज स्कूल, बेरसिया तथा हेमा हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विशेष सत्र लिए गए। थिलर वीक में स्वास्थ्य जांच एवं खेल गतिविधियां, परीक्षा तनाव प्रबंधन, मासूम (बाल सुरक्षा) व



डिजिलांटे, रोड सेफ्टी, इनोवेशन, सिविक सेंस, क्लाइमेट चेंज जागरूकता एवं पौधारोपण तथा उद्यमिता जैसे विषयों पर छात्रों को जानकारी दी गई। साथ ही, सप्ताह के अंत में समीक्षा एवं फीडबैक सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोपाल की चेयर कुहू शर्मा, को-चेयर शोभित जैन, थिलर चेयर सुप्रीत कौर एवं थिलर को-चेयर हर्षिल पोंडा ने बताया कि थिलर वीक का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें जीवन कौशल सिखाना तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है।

## बिजनेस न्यूज

### कपिल ने पेश कि ईमानदारी की मिसाल, पुरस्कार स्वरूप कंबल भेंट



**भोपाल।** प्रदीप सक्सेना हमीदिया कॉलेज में बीते दिनों एग्जामिनेशन का फॉर्म भरने गए थे। वहां वे मार्कशीट की कॉपी करने एमपी ऑनलाइन पर पहुंचे। उनका एक बेशकीमती वॉलेट जिसमें क्रेडिट, कार्ड डेबिट, कार्ड पेन कार्ड, आधार कार्ड व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे जो वहां छूट गया था। तत्पश्चात एक ईमानदारी की मिसाल प्रस्तुत करते हुए वहां कार्यरत कपिल द्वारा प्रदीप सक्सेना को आधार से मोबाईल नंबर निकालकर तुरंत सूचित किया कि और कहा कि वैलेट यहां मिला है मेरे पास सुरक्षित रखा है। आप कभी भी आकर ले लें। हमने यह बात प्रिंसिपल अनिल शिवानी को बताई, उन्होंने तुरंत कपिल को बुलाया और उसको ईमानदारी के ईनाम स्वरूप एक कंबल भेंट किया। इस अवसर पर हमीदिया कॉलेज ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी भी उपस्थित थे।

### 'युवा मास्टरस्ट्रोक'- 6,600 स्कूलों के कलाकारों ने साबित किया कि रचनात्मकता की कोई सीमा नहीं



**भोपाल।** नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के युवा ने 'युवा मास्टरस्ट्रोक' के अपने 22वें संस्करण के सफल आयोजन की घोषणा की है। यह एक अखिल भारतीय ड्रॉइंग प्रतियोगिता है, जिसका आयोजन अगस्त से दिसंबर के बीच किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से केजी से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों को ड्रॉइंग के जरिए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का मंच मिलता है। दो दशक से अधिक पहले शुरू हुई यह पहल आज एक व्यापक रचनात्मक मंच के रूप में स्थापित हो चुकी है। इसमें भारत के 6,600 से अधिक स्कूलों के 20 लाख से ज़्यादा विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

### सविता ऑयल और महिंद्रा ने की बहुवर्षीय साझेदारी

**मुंबई।** भारत की अग्रणी ल्यूब्रिकेंट निर्माताओं में से एक, सविता ऑयल टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (एसओटीएल) ने महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट व्यवसाय (महिंद्रा ट्रैक्टर्स) के साथ एक रणनीतिक बहुवर्षीय साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों संगठनों के बीच साझा मूल्यों, तकनीकी विशेषज्ञता और सेवा विश्वसनीयता पर आधारित लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को और मजबूत करता है। यह विकास साविता और महिंद्रा समूह के बीच 25 वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे संबंधों के एक नए चरण की शुरुआत को दर्शाता है, जो विश्वसनीय उत्पाद गुणवत्ता, बढ़े हुए ग्राहक विश्वास और भारत के कृषि तथा ग्रामीण गतिशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन की साझा प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करता है।

एआई, कनेक्टिविटी, क्लाउड सेमीकंडक्टर और सॉफ्टवेयर पर साझा मानक विकसित होंगे

# जियो समेत 10 देशों की 15 दिग्गज टेक कंपनियों ने बनाया 'ट्रस्टेड टेक अलायंस'

एजेंसी ▶▶ म्यूनिख

अफ्रीका, एशिया, यूरोप और नॉर्थ अमेरिका की 15 अग्रणी कंपनियों ने 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' के गठन की घोषणा की है। यह समान सोच वाले वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रदाताओं का एक समूह है। जो कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक फैले टेक्नोलॉजी स्टैक के लिए भरोसेमंद और सत्यापित मानक विकसित करने के लिए साथ आए हैं। एलायंस में भारत की ओर से जियो प्लेटफार्म शामिल है।

जर्मनी में आयोजित म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के दौरान इस एलायंस का ऐलान किया गया। एलायंस के संस्थापक सदस्यों में अमेजन वेब सर्विसेज, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल क्लाउड, एरिक्सन, नोकिया, एसएपी और एनटीटी जैसी कुल 15 वैश्विक टेक कंपनियां शामिल हैं। एलायंस ने संकेत दिया है कि आगे और कंपनियों को इससे जोड़ा जाएगा तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी संप्रभुता, प्रतिस्पर्धात्मकता और लचीले डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में




काम जारी रहेगा। जियो प्लेटफॉर्म्स के सीईओ किरण थॉमस ने कहा कि विश्व स्तर पर डिजिटल विकास को गति देने के लिए भरोसेमंद, सुरक्षित और पारदर्शी टेक्नोलॉजी जरूरी है। जियो प्लेटफॉर्म्स को टेक्नोलॉजी स्टैक में साझा मानक और सत्यापित किए जा सकने वाले तौर-तरीकों को आगे बढ़ाने के लिए 'ट्रस्टेड टेक एलायंस' में शामिल होने पर गर्व है। हम इस पहल के जरिए वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी, क्लाउड और एआई प्रणालियों में दीर्घकालिक भरोसा कायम करना चाहते हैं।

### *कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता : ब्रैड स्मिथ*

*माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयर और प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ ने कहा कि मौजूदा वैश्विक माहौल में समान सोच वाली कंपनियों का साथ आना जरूरी है, ताकि सीमाओं के पार तकनीक में भरोसा और उच्च मानक कायम रह सकें। वहीं एरिक्सन के सीईओ बोर्ये एकहोम ने कहा कि कोई एक कंपनी या देश अकेले सुरक्षित और भरोसेमंद डिजिटल ढांचा नहीं बना सकता, इसके लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। एलायंस के तहत सदस्य कंपनियों ने पांच प्रमुख सिद्धांतों पर सहमति जताई है। इनमें पारदर्शी कॉरपोरेट गवर्नेंस और नैतिक आचरण, सुरक्षित विकास प्रक्रिया और स्वतंत्र मूल्यांकन, मजबूत सप्लाई चेन व सुरक्षा निगरानी, खुला व सहयोगी तथा लचीला डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देना और कानून के शासन के साथ डेटा सुरक्षा का सम्मान शामिल है। इन सिद्धांतों के माध्यम से कंपनियां यह सुनिश्चित करेंगी कि तकनीक सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी के साथ संचालित हो, चाहे उसका विकास या उपयोग कहीं भी हो।*

विभिन्न सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर

# डीडीए ने 'ग्रीन लोगो और डीडीए ग्रीन ईयर बुक 2026' का अनावरण किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टिकाऊ शहरी विकास के अगले चरण को आकार देने और हरित दिल्ली की दिशा में प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी के बांसेरा में प्रथम डीडीए ग्रीन एक्सपो का उद्घाटन किया।

शहरी भविष्य की नई परिकल्पना थीम के तहत इस दो दिवसीय एक्सपो में वरिष्ठ अधिकारी, शहरी नियोजनकर्ता, जलवायु विशेषज्ञ और उद्योग के भागीदार एक साथ आ रहे हैं। इसके अलावा, दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों के भविष्य में एक परिवर्तनकारी क्षण के




तहत अग्रणी राष्ट्रीय संस्थानों के साथ विभिन्न सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए उप राज्यपाल ने डीडीए ग्रीन्स लोगो और डीडीए ग्रीन्स ईयरबुक 2026 का भी अनावरण किया। ग्रीन एक्सपो का उद्घाटन करते हुए उप राज्यपाल ने कहा, यह एक्सपो दिल्ली के लिए एक अधिक हरे-भरे, स्वस्थ और अधिक आशापूर्ण भविष्य को लेकर हमारी प्रतिबद्धता मजबूत करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह एक्सपो केवल सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के बारे में नहीं है, बल्कि यह लोगों के बारे में है। यह उन हजारों दिल्ली वासियों के लिए सम्मान का प्रतीक है जो अपने घरों के बाहर छोटे छोटे हरे-भरे क्षेत्रों का पोषण करते हैं, अपने बच्चों को स्थानीय पक्षियों के बारे में शिक्षा देते हैं, पौधे लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं। वे हमारे पर्यावरण की यात्रा के प्रतिदिन के हीरो हैं।

### श्रद्धाभाव से मनाया 10 नंबर मार्केट के व्यापारियों ने महाशिवरात्रि का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



दस नंबर मार्केट में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बर्फानी बाबा की झांकी सजाई गई। श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर महापौर मालती राय, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान, पूर्व पार्षद मोनू गोहिल, अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी, उपाध्यक्ष अमृत गहलोत, सुनील सचदेव, अनिल आहूजा, एहफाज भाई, रॉकी केशवानी, जीतू भाई, सुरेश अमुलानी, करण गुगलानी, पलोड, अमित मोटवानी,कमल अमुलानी, बाबू नंदी, जीवन नंदी, मोनू राठौड़ आदि सभी व्यापारी वर्ग श्रद्धाभाव से उपस्थित रहा।

चिंतन

# मोदी को न्योता बांग्लादेश की एक सार्थक शुरुआत

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उभरता राजनीतिक परिदृश्य दक्षिण एशिया की कूटनीति के लिए अहम संकेत दे रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा जाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है संवाद, संतुलन और सहयोग की नई संभावनाओं का। यानी बांग्लादेश ने मोदी को न्योता देकर एक सार्थक शुरुआत की है, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बनी रहेगी या कुछ नरमाहट आएगी यह तो भविष्य पर निर्भर है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहमान के शपथ समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उसी दिन मुंबई में उनकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित द्विपक्षीय बैठक है, लेकिन भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिस्री की उपस्थिति यह स्पष्ट करती है कि नई दिल्ली इस परिवर्तन को गंभीरता से ले रही है। तारिक की ताजपोशी कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। 36 वर्षों में पहली बार बांग्लादेश को पुरुष प्रधानमंत्री मिलने जा रहे हैं। 20 साल के निर्वासन के बाद देश लौटकर उन्होंने कम समय में जनता का विश्वास अर्जित किया और बीएनपी को प्रचंड बहुमत दिलाया है। यह जनादेश केवल सरकार बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नीति-प्राथमिकताओं में संभावित बदलाव की ओर भी इशारा करता है। शपथ ग्रहण समारोह इस बार पारंपरिक राष्ट्रपति भवन के बजाय ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है। यह स्थान परिवर्तन भी एक प्रतीक है संभवतः अधिक सार्वजनिक और खुली राजनीतिक संस्कृति का। पड़ोसी देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजना बताता है कि रहमान सरकार क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता देना चाहती है। भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से गहरे रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आज तक दोनों देशों के बीच सहयोग का एक मजबूत आधार रहा है। पिछले एक दशक में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन यह भी सच है कि दोनों देशों के रिश्ते समय-समय पर राजनीतिक बदलावों के साथ नए मोड़ लेते रहे हैं। तारिक ने शपथ से पहले स्पष्ट कहा है कि भारत के साथ वार्ता में बांग्लादेश के हित सर्वोपरि रहेंगे। यह बयान किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वाभाविक प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ उन्होंने चीन को भी विकास साझीदार बताया है। यहीं से नई सरकार की संतुलन नीति का संकेत मिलता है। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता और भारत की पारंपरिक भूमिका के बीच बांग्लादेश का संतुलन साधना आसान नहीं होगा। बीएनपी के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर का यह कहना कि भारत के साथ संबंधों की नई शुरुआत हो सकती है, सकारात्मक संकेत है, परंतु चुनाव जीतते ही शेख हसीना की वापसी की मांग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नई सरकार कुछ मुद्दों पर आक्रामक रुख अपना सकती है। ऐसे में आने वाले समय में नई दिल्ली और ढाका के बीच संवाद की गुणवत्ता ही तय करेगी कि रिश्ते किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुल मिलाकर यह कहना जल्दबाजी होगी कि नई सरकार का रुख कैसा रहेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। अब देखना यह है कि आगे की कहानी सहयोग की होगी या प्रतिस्पर्धा की।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# महंगाई नए आधार वर्ष के पैमाने में

सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2.75% हो गई, जो दिसंबर में 1.33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2.75% हो गई, जो दिसंबर में 1.33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। इस दौरान, मई 2025 में यह 2.82% तक पहुंच गई थी।

महंगाई का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि मांग और आपूर्ति का संतुलन कैसा है। जब लोगों के पास अधिक पैसे होंगे, तो वे अधिक वस्तुएं खरीदेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है, तो महंगाई घट जाएगी। सरकार आमतौर पर हर 5 से 10 वर्षों में नया आधार वर्ष चुनती है, जो साल सूखा, बाढ़, महामारी या अत्यधिक महंगाई से मुक्त हो। पुराने सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं का वेटेज लगभग 50% था, जिसे अब घटाकर 36.8% कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिसे कीमतों के लिए मानक या आधार माना जाता है। इसका अर्थ है कि उस वर्ष की वस्तुओं की औसत कीमत को 100 माना जाता है। फिर, अन्य वर्षों की कीमतों की तुलना उसी आधार वर्ष से की जाती है। इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या कम हुई है। उदाहरण के लिए, यदि 2022 को आधार वर्ष माना जाए और उस वर्ष एक किलो आलू की कीमत 50 रुपये थी, और 2025 में वह बढ़कर 80 रुपये हो गई, तो महंगाई दर = (80-50)/50×100 = 60% है। यह फॉर्मूला खुदरा महंगाई या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में उपयोग होता है। हालांकि, यह बाजार के सभी सामानों पर समान रूप से लागू नहीं होता है। महंगाई को मापने के लिए एक बकेट में वैसी वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है, जो महंगाई को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस क्रम में हर वस्तु को उपभोक्ता के बजट में उसके महत्व के आधार पर भार दिया जाता है। सीपीआई सूचकांक की मदद से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर महीने खुदरा महंगाई की गणना करता है, जिसमें ऐसी वस्तुएं और सेवाएं शामिल होती हैं, जिनका इस्तेमाल आम लोग ज्यादा करते हैं, जैसे कि खाद्य, कपड़े, आवास, ईंधन, स्वास्थ्य आदि। यह सूचकांक इन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जो आधार वर्ष 2012 के संदर्भ में होते थे और अब ये 2024 के संदर्भ में होंगे। विकास को सुनिश्चित करने के लिए महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है ताकि जनता की घटती क्रय शक्ति, स्थिर आय, और जीवन यापन की लागत का सही आकलन किया जा सके। इससे उपयुक्त वित्तीय योजना, निवेश की सुरक्षा, मजदूरी की उचित मांग और सरकार के लिए सही मौद्रिक नीतियों का निर्धारण आसान हो जाता है। जब महंगाई का चित्र स्पष्ट होता है, तो सरकार सही कदम लेकर इन पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे आम जनता के नुकसान को रोका जा सकता है। महंगाई बढ़ने से पैसे का मूल्य घट जाता है, और इससे पता है कि हमें कितनी ज्यादा कमाने या बचत करने की जरूरत है। अगर महंगाई अधिक हो, तो निवेश का रिटर्न नकारात्मक हो



जाता है। वहीं, सही महंगाई दर जानकर सोना, शेयर जैसे बेहतर निवेश के विकल्प को चुनने में आसानी होती है। महंगाई के सही आंकड़ों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरी वस्तुओं पर इसके असर को समझा जा सकता है। सरकारें इन आंकड़ों की मदद से ब्याज दरें और करों में बदलाव करती हैं। आंकड़ों के गलत रहने से सरकारी नीतियां जनता के लिए हानिकारक हो सकती हैं। जब महंगाई स्थिर नहीं रहती, तो जनता को सही आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। पिछले एक दशक के दौरान लोगों की जीवनशैली, खर्च करने के तरीके और लोगों के दैनिक आवश्यकताओं में आमूल-चूल बदलाव आया है। इसलिए, 2012 का आधार वर्ष महंगाई की सही तस्वीर नहीं दिखा पा रहा था। आंकड़े वास्तविक आयों के लिए सूचकांक में वस्तुओं और सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले सूचकांक में 299 वस्तुएं थीं, जिन्हें नए ढांचे में बढ़ाकर 358 कर दिया गया है। नए सूचकांक की मुख्य विशेषता है कि यह उन वस्तुओं और सेवाओं को शामिल करता है जिन पर आज अधिकांश लोग खर्च कर रहे हैं। अब, स्मार्टफोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। इस सूचकांक में नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नया आधार वर्ष लाने का मकसद है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। इस बदलाव से गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके। नए सूचकांक में ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म से वस्तुओं की कीमतों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। हवाई किराए, बिजली दरें, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं और शॉपिंग की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा। इसी तरह, इन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव का प्रभाव भी महंगाई के आंकड़ों में दिखाई देगा। ग्रामीण इलाकों में घर के किराए को सूचकांक में शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण महंगाई की तस्वीर और भी ज्यादा साफ होगी। इनके अलावा, वे वस्तुएं, जिनका उपयोग आज नहीं किया जाता है, जैसे वीडियो और ऑडियो कैसेट आदि, महंगाई मापने वाली सूची से हटा दी गई हैं। महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना बहुत जरूरी है। अगर इसे गलत तरीके से पेश किया गया, तो यह न सिर्फ जनता को परेशान कर सकता है, बल्कि विकास में भी बड़ी बाधा बन सकता है। जब महंगाई की दर बढ़ती है, तो भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर को कम नहीं करता, जिससे बैंकों को सस्ती पूंजी नहीं मिलती और उन्हें उच्च ऋण दर पर ऋण देना पड़ता है। इससे उधार लेने की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है, और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियां मंद हो जाती हैं। इसलिए, महंगाई का सही स्तर समझना अनिवार्य है। इसके साथ ही, आधार वर्ष में बदलाव और बकेट में उपयोगी वस्तुओं को शामिल करने से महंगाई की सच्चाई सामने आ सकती है, और सही उपाय अपनाकर विकास की गति बढ़ाई जा सकती है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
सुनील कुमार महला



# क्योटो प्रोटोकॉल : जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियां और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है। इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। बता दें कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423–425 पीपीएम तक पहुंच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था। इसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएं विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। आज जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच यह समझौता दुनिया को उत्सर्जन नियंत्रण की जिम्मेदारी याद दिलाता है। संक्षेप में, क्योटो प्रोटोकॉल आधुनिक वैश्विक जलवायु नीतियों का आधार माना जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जब मन अशांत हो तो इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## काम शुरू करने से ज्यादा महत्वपूर्ण काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## सटाका




## आज की पाती

### महाशिवरात्रि : भीतर के अंधकार से संवाद

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह विराट क्षण है जहां आस्था, दर्शन और आत्मबोध एक-दूसरे से संवाद करते हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की यह चतुर्दशी, शिव-तत्त्व के स्मरण और साधना का पर्व है- वह शिव, जो संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और कल्याण के अधिष्ठाता हैं। भारतीय दर्शन में शिव को आदि और अनंत के प्रतीक के रूप में देखा गया है। वे न केवल सृष्टि के संहारक हैं, बल्कि नवसृजन के भी मूल स्रोत हैं। शिव का डमरु ब्रह्मांड की लय को उद्घोषित करता है, गंगा का अवतरण करुणा का प्रतीक है और भस्म-विभूषण यह संदेश देता है कि भौतिकता अंततः नश्वर है। महाशिवरात्रि की रात्रि जागरण और साधना की रात्रि है।

*- जगदीश पाठक, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

### नाइजीरिया में हुई मछली पकड़ने की प्रतियोगिता

नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में स्थित अर्गुंगु शहर में हरियाली के बीच बहने वाली मतान फदान नदी में शनिवार को हजारों मछुआरे मछली पकड़ने के पारंपरिक पर्व में शामिल हुए। राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू सहित हजारों दर्शकों ने सबसे बड़ी मछली पकड़ने की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। हालांकि सुरक्षा संबंधी कारणों से कुछ लोगों ने उत्सव से दूरी बनाए रखी। इस पर्व पर मछली पकड़ने के लिए लोगों ने हाथ से बुने जाल और लौकी से बने बर्तन जैसे केवल पारंपरिक समानों का इस्तेमाल किया। कुछ ने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए केवल हाथों से ही मछली पकड़ी। इस साल के विजेता ने 59 किलोग्राम की क्रोकर मछली पकड़ी। प्रतियोगिता के विजेता को नकद इनाम दिया जाता है, जबकि बाकी प्रतिभागी अपनी पकड़ी मछलियां बेचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। साल के बाकी समय इस नदी में किसी को जाने की अनुमति नहीं होती और इसकी देखरेख एक पदवीधारी प्रमुख करते हैं, जिन्हें 'सरकिन रुवा' यानी पानी का मुखिया कहा जाता है। मछली पकड़ने की प्रतियोगिता वार्षिक अंतरराष्ट्रीय मछली पकड़ने के उत्सव का समापन था। पर्व के दौरान पारंपरिक कुश्ती, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।



## ऑफ बीट

### रूमाल या टिश्यू, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं। लेकिन कई अध्ययनों से पता चला है कि वे श्वसन एरोसोल को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर नहीं करते हैं।



## ट्रेंड

### कांग्रेस की बौखलाहट



कांग्रेस ने कभी देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। इसलिए आज जब हम अपनी सीमाओं पर शानदार हाईवे, टनल्स, ऊंचे-ऊंचे ब्रिज और आधुनिक एयरफील्ड्स के साथ देश की सुरक्षा को बढ़ा रहे हैं, तो वो बौखलाहट से भर गई है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा से रोजगार तक



औद्योगिक विकास के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखा गया है, उद्योग-अकादमिक साझेदारी, अप-स्किलिंग, एआई और डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया गया है, ताकि शिक्षा से रोजगार तक का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिलें।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### किसानों से विश्वासघात



हम अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के नाम पर भारत के किसानों के साथ हो रहे विश्वासघात को देख रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं,. डीडीजी आयात करने का असल मतलब क्या है? क्या इसका मतलब भारतीय पशुओं को जीएम अमेरिकी मक्के से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा?

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सोलर से समृद्धि



दिल्ली ने सोलर से समृद्धि का रास्ता प्रशस्त कर लिया है। अब किसान बिना एनओसी के कृषि भूमि पर सोलर पैनल लगा सकते हैं। हमारी सरकार ने प्रक्रिया आसान कर दी है ताकि किसानों की आय बढ़े।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि त्योहार, पीएम समेत कई नेताओं ने दीं बधाई

काशी से लेकर हरिद्वार और देवघर से लेकर उज्जैन तक, शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्त आराध्य देव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए घंटों लंबी कतारों में लगे थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर-हर महादेव के उद्घोष और भक्ति के असीम उत्साह के साथ रविवार को पूरे देश में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया गया। काशी से लेकर हरिद्वार और देवघर से लेकर उज्जैन तक, शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। भक्त अपने आराध्य देव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए घंटों लंबी कतारों में लगे थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और पीएम नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। मेरी प्रार्थना है कि महादेव की कृपा हम सभी पर सदा बनी रहे और हमारा देश प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहे।

**देशभर में 'बम-बम भोले' की गूंज**

सभी शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने भी दी बधाई



हरिद्वारा कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर, जिसे भगवान शिव की ससुराल माना जाता है

### भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो: पीएम मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने लिखा कि सभी देशवासियों को भगवान भोलेनाथ को समर्पित पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं।

### महादेव का आशीर्वाद बना रहे: रेखा गुप्ता



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने राजस्थान के उदयपुर के अम्बेरी स्थित प्राचीन अमरख महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने महादेव से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद दिल्ली और समस्त देशवासियों पर बना रहे, और हम सभी को सेवा और लोककल्याण के मार्ग पर अडिग रहने की शक्ति प्रदान करें।

### ईशा फाउंडेशन के कार्यक्रम में राजनाथ सिंह बोले सत्य ही शिव है



तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित ईशा योग केंद्र में 33वें महाशिवरात्रि उत्सव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने आदियोगी शिव को नमन करते हुए सभी भक्तों को शुभकामनाएं दीं। कहा कि जो सत्य है वही शिव है, शिव आदि, अनंत और शाश्वत हैं।

### अमृता का 'शंभू रे' गाना रिलीज 55 लाख लोगों ने देखा



एक्ट्रेस-गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फडणवीस ने महाशिवरात्रि पर अपना नया गाना शंभू रे भगवान शिव को समर्पित किया है। नया गाना महादेव के भक्तों को खूब पसंद आ रहा है और दो दिन में 55 लाख लोगों ने इसे यूट्यूब पर देखा और सराहा।

---

## खबर संक्षेप

### शिअद में शामिल हुए भाजपा उपाध्यक्ष खन्ना




**चंडीगढ़।** पंजाब में संगरूर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना शिअद में शामिल हो गए हैं। महाशिवरात्रि के दिन शिअद प्रमुख सुखबीर बादल अरविंद खन्ना के संगरूर स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और अरविंद खन्ना को पार्टी में शामिल करवाया। अरविंद खन्ना भाजपा के वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष थे।

### सराज में जीप दुर्घटनाग्रस्त 3 युवकों की मौत




**थुनाग (मंडी)।** हिमाचल प्रदेश के सराज में 4 में से 3 युवकों की जीप दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौत हो गई। चारों बगस्याड़-रहीधार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल पहुंचने के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### कर्नाटक में फैक्टरी में धमाका, 2 मजदूरों की मौत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मांड्या जिले में रविवार को केरेकाटे गांव के पास स्थित एक केमिकल फैक्टरी में स्टोरेज टैंक फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक धमाका उस समय हुआ जब फैक्टरी को दूसरी जगह शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही थी और टैंक की सफाई की जा रही थी।

### बस और कार में टक्कर, 5 युवकों की मौत



**बेंगलुरु।** बंगलूरू के नेलमंगला के एक कार और कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम की बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि कार बेंगलुरु की ओर जा रही थी। इस दौरान अचानक कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पहुंच गई।

---

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राहुल को दी किसी भी मंच पर आने की चुनौती

# कहा- बहस कर लें, किसानों का नुकसान किसने किया, कांग्रेस 'गुमराह' कर रही

शाह ने कहा कि समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम पीएम मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और यूएस ट्रेड डील पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चैलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है।

**भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा**

- मनमोहन सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन कर विश्व बाजार खोला
- पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हुए



गुजरात के गांधीनगर में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह

### पीएम ने किसानों को पूरी सुरक्षा दी

शाह ने कहा किराहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है।

### पीएम मोदी ने डंकल समझौता बदलकर देश को बचाया

शाह ने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को 'टाटा बाय-बाय' कर दिया, पीएम मोदी आए और उस समझौते को बदल दिया।

### कांग्रेस ने कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाया

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस बताए किसानों का कितना अनाज खरीदा था?

### डील किसानों के साथ विश्वासघातः राहुल



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर देश के किसानों के साथ विश्वासघात करने का बड़ा आरोप लगाया है। राहुल ने कहा कि अमेरिका ट्रेड डील के नाम पर हम भारत के किसानों के साथ विश्वासघात होते हुए देख रहे हैं।

### राहुल गांधी ने पूछे 5 सवाल?

- डीजीजी इंपोर्ट करने का वास्तव में क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय मवेशियों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर्स अनाज खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे दूध उत्पाद प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?
- अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?
- जब आप 'अतिरिक्त उत्पाद' कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?
- 'गैर-व्यापार बाधाएं' हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद प्रक्रिया को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?
- एक बार यह दरवाजा खुल गया, तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?

---

### केंद्र ने स्टार्टअप फंड को दी मंजूरी

# 10000 करोड़ की मदद से नए निवेशकों को होगा बड़ा लाभ

**पहले चरण में 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स को लाभ**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय स्टार्टअप्स को शुरुआती निवेश उपलब्ध कराने के लिए 10,000 करोड़ रुपए के नए फंड 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को मंजूरी दे दी है। इस फंड का विशेष फोकस डीप टेक, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के संस्थापकों पर रहेगा, ताकि नवाचार को शुरुआती वित्तीय कमी के कारण रुकना न पड़े। यह योजना 2016 में शुरू किए गए पहले फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण के रूप में लाई गई है। पहले चरण में 10,000 करोड़ रुपए के पूरे कोष को विभिन्न निवेश फंड्स के माध्यम से तैनात किया गया। इनके जरिए 1,370 से अधिक स्टार्टअप्स को समर्थन मिला और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर तथा स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में 25,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ। नए फंड का प्रमुख उद्देश्य डीप टेक और नवोन्मेषी विनिर्माण जैसे लंबे समय में विकसित होने वाले क्षेत्रों को 'लंबी अवधि की धैर्यपूर्ण पूंजी' उपलब्ध कराना है। इन क्षेत्रों में जोखिम अधिक होने के कारण निजी निवेशक अक्सर निवेश से बचते हैं, जिससे उच्च-जोखिम पूंजी की कमी बनी रहती है।

**इनमें 25,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ**

### विदेशी निवेश पर निर्भरता कम होगी

नई योजना का एक अहम लक्ष्य निवेश को केवल बड़े स्टार्टअप हब जैसे बेंगलुरु या दिल्ली तक सीमित न रखकर देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाना भी है, ताकि नवाचार का दायरा व्यापक हो सके और घरेलू दीर्घकालिक पूंजी को बढ़ावा मिले। इससे विदेशी निवेश पर निर्भरता कम करने में भी मदद मिलने की उम्मीद है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2016 से अब तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स की संख्या 500 से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो चुकी है। सरकार का मानना है कि यह नया फंड आर्थिक मजबूती, विनिर्माण क्षमता में वृद्धि और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा व 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा।

---

### देश के सभी हाई कोर्ट को 'सुप्रीम' निर्देश

## फरार आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें, 'अनावश्यक' इस्तेमाल रोकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वे उन आरोपियों को अग्रिम जमानत न दें जो फरार हो जाते हैं। कोर्ट ने फरार आरोपियों के लिए कहा कि ये ट्रायल पूरा होने पर अपने सह-आरोपियों के बरी होने के बाद गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और विजय बिश्नोई की बेंच ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें फरार आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी, उसे सरेंडर करने और रेगुलर बेल के लिए अप्लाई करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम बेल की राहत देना, एक बुरी मिसाल कायम करता है और यह संदेश देता है कि कानून का पालन करने वाले सह-आरोपी, जिन पर ट्रायल हुआ, ट्रायल की प्रक्रिया में लगन से शामिल होना गलत था।

### सबरीमाला मंदिर का मुद्दा फिर गरमाया

## महिलाओं के प्रवेश पर सरकार से मांगा जवाब, आज कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



सबरीमाला मंदिर

केरल में सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। विपक्ष ने सत्तारूढ़ एलडीएफ सरकार से साफ रुख बताने की मांग की है। सवाल यह है कि सरकार अदालत में महिलाओं के प्रवेश का समर्थन करेगी या अपना पुराना हलफनामा वापस लेगी। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है।

### टॉय ट्रेन में सरिता पहली महिला टिकट कलेक्टर



**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग की मशहूर टॉय ट्रेन में पहली बार किसी महिला को टिकट कलेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। सरिता योलमो (इनसेट में) ने 145 साल पुराने दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) में वरिष्ठ वाणिज्यिक-सह-टिकट संग्राहक बनकर इतिहास रच दिया है। यह रेलवे यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल है। 55 वर्षीय सरिता योलमो गोरखा समुदाय से आती हैं। इससे पहले वे न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर सीटीसी के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्होंने राजधानी एक्सप्रेस, गुवाहाटी-बेंगलुरु एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनों में टिकट कलेक्टर की जिम्मेदारी निभाई है।

---

### उत्तराखंड हाई कोर्ट का अहम फैसला जो एक चेतावनी भी

## सहमति से लंबे समय तक संबंध बनाने के बाद शादी का वादा तोड़ना बलात्कार नहीं

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

उत्तराखंड हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि सहमति से लंबे समय तक संबंध बनाने के बाद शादी का वादा तोड़ना रेप नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि जब दो व्यस्कों के बीच सहमति से संबंध बनते हैं तो रेप केस के लिए यह साबित करना जरूरी है कि शादी का वादा शुरू से ही झूठा था। कोर्ट ने कहा है कि जब दो वयस्क आपसी सहमति से लंबे समय तक संबंध में हों तो शादी के वादे को पूरा न करना आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार नहीं माना जा सकता।

### कई बार मिलना आपसी सहमति का संकेत



उत्तराखंड हाई कोर्ट

कोर्ट ने पाया कि दोनों पक्ष लंबे समय से रिश्ते में थे और उनके बीच बार-बार शारीरिक संबंध बने थे, जिससे प्रारंभिक धोखाधड़ी के बजाय आपसी सहमति का संकेत मिलता है। हाई कोर्ट ने यह निर्धारित किया कि ठोस आधार के अभाव में आपराधिक कार्यवाही जारी रखना आरोपी का उत्पीड़न होगा।

### महिला अपराध सिद्ध न कर सकी

जस्टिस आशीष नैथानी ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसी वयस्क महिला द्वारा दी गई सहमति मात्र इसलिए अमान्य नहीं हो जाती क्योंकि संबंध शादी में नहीं बदला। इसे धारा 376 के तहत अपराध मानने के लिए यह सिद्ध करना आवश्यक है कि शादी का वादा केवल संबंध बनाने के लिए सहमति पाने का एक साधन था और आरोपी का शादी करने का कोई इरादा नहीं था।

### गरीबों को मिलने वाले अनाज वितरण की प्रक्रिया से बिचौलिए बाहर

# पूरे देश में अब 'ग्रेन एटीएम' से निकलेगा अनाज

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर में 'सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी' (सीबीडीसी) पर आधारित पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) का उद्घाटन किया। यह पहल पीएम नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका लक्ष्य सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना है। इस नई प्रणाली को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय खाद्य निगम और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य अनाज वितरण की प्रक्रिया से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर करना है।

**खास बात**

- गृह मंत्री ने 'अन्नपूर्ति' मशीन का उद्घाटन किया
- 4 साल के भीतर पूरे देश में लागू होगी यह योजना



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

### गेहूं, चावल, दाल, चना भी मशीन से मिलेंगे

इस कार्यक्रम के दौरान 'अन्नपूर्ति' मशीन का भी उद्घाटन किया गया, जो गुजरात में विकसित एक 'ग्रेन एटीएम' है। अमित शाह ने इसे तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता का अद्भुत संगम बताया। इस एटीएम के जरिए अब गरीबों को केवल गेहूं या चावल ही नहीं, बल्कि 1 किलो तुअर दाल, 1 किलो चने, नमक और चीनी भी वितरित की जाएगी। यह मशीन 'मेड इन गुजरात' का प्रतीक है और देश की तकनीकी प्रगति को दर्शाती है।

### खाद्य सुरक्षा में बड़ा बदलाव

गृह मंत्री ने भरोसा जताया कि अगले 3 से 4 साल के भीतर इस व्यवस्था को पूरे देश में लागू कर दिया जाएगा। इससे हर गरीब व्यक्ति को उसके हक का पूरा 5 किलो अनाज सुरक्षित तरीके से मिल सकेगा।यह डिजिटल कदम खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सबसे बड़ा बदलाव साबित होगा।

### भ्रष्टाचार पर लगाम और पारदर्शिता पर जोर

अमित शाह ने कहा कि कई सालों से देश के पिछड़े इलाकों में भ्रष्टाचार के कारण गरीबों तक अनाज नहीं पहुंच पाता था। लेकिन इस नई डिजिटल व्यवस्था के आने से खाद्य और आपूर्ति विभाग के काम करने के तरीके में पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा। यह सिस्टम आधार आधारित बायोमेट्रिक पहचान के साथ मिलकर काम करेगा, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और सटीक होगी।


फिजी

▶▶ नेपाल में भारत से पहुंचे 3000 नागा साधुओं ने की साधना

▶▶ फिजी में तीन दिन तक चलते हुए अनुष्ठान और उत्सव


मॉरीशस


इंडोनेशिया

# महाशिवरात्रिः सात समंदर पार गूंजा 'हर-हर महादेव', नेपाल से लेकर श्रीलंका तक शिव भक्ति में डूबे दुनिया के कई देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाशिवरात्रि पर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बम बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। श्रीलंका, इंडोनिशिया,फिजी जैसे कई देश हैं जहां बड़ी धूमधाम के साथ भगवान शिव की बारात निकाली गई और लाखों की संख्या में भक्त एकत्रित हुए। नेपाल की राजधानी स्थित प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान शिव की आराधना के लिए सुबह से ही भक्तों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल इस पवित्र मंदिर परिसर में नेपाल और पड़ोसी देश भारत से आए लाखों तीर्थयात्रियों ने कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। पूरा मंदिर परिसर 'ओम नमः शिवाय' के जयकारों से गुंजायमान रहा। पशुपति क्षेत्र विकास कोष (पीएडीटी) के कार्यकारी निदेशक शुभास चंद्र


नेपाल पशुपतिनाथ मंदिर

जोशी ने जानकारी दी कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के चारों दरवाजे सुबह 2 बजे ही खोल दिए गए थे। उन्होंने बताया कि सुबह 3:30 बजे तक ही लगभग 10 लाख भक्त दर्शन कर चुके थे, जबकि दिन की समाप्ति तक यह आंकड़ा 15 लाख को पार कर गया। इस बार उत्सव का मुख्य आकर्षण भारत और नेपाल से आए करीब 3,000 हिंदू संत रहे। जोशी के अनुसार, भारत से आए लगभग 150 नागा साधुओं ने मंदिर परिसर में विशेष आध्यात्मिक साधना की।

### फिजी में जीवंत हुई लघु भारत की झलक

*फिजी में महाशिवरात्रि का पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक भव्य सामाजिक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। गिरमिटिया मजदूरों के वंशज आज भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सहेजे हुए हैं। मंदिरों में अनाज और रंगों से शिवलिंग की अद्भुत आकृतियां उकेरी गई हैं। स्थानीय हिंदी अध्यापिका शिरीन प्रसाद ने बताया कि शिवरात्रि का उल्लास बिल्कुल भारत जैसा है।*

### मॉरीशसः गंगा तालाब

*मॉरीशस का 'ग्रैंड बासिन' जिसे गंगा तालाब भी कहा जाता है, शिव भक्ति का प्रमुख केंद्र है। यहां भगवान शिव की एक विशाल प्रतिमा स्थापित है। स्थानीय लोग और भारतीय मूल के निवासी यहां कांवड़ यात्रा निकालते हैं और शिव जी का जलाभिषेक करते हैं। महाशिवरात्रि पर भी यहां कई आयोजन होते हैं। शिव अभिषेक से लेकर शिव बारात और बम बम भोले जयकारे गूंजते हैं।*

### इंडोनेशिया और बालीः प्रम्बानन मंदिर

*यहां के जावा में स्थित प्रम्बानन मंदिर वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है और भगवान शिव को समर्पित है। बाली द्वीप पर भी भगवान शिव की पूजा विभिन्न रूपों में की जाती है। यहां आज भी शिव भक्ति की गहरी जड़ें दिखाई देती हैं।*

## खबर संक्षेप

### कैलिफोर्निया में लापता छात्र साकेत का शव बरामद

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में छह दिन से लापता भारतीय छात्र साकेत



श्रीनिवासैया (22) का शव बर्कले पुलिस ने बरामद कर लिया है। साकेत आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र थे और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में मास्टर्स कर रहे थे। वह 9 फरवरी से लापता थे और उनका बैग टिल्डन पार्क के पास मिला था। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने मौत की पुष्टि करते हुए पार्थिव शरीर को भारत भेजने में परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### ताइवान पर सैन्य हस्तक्षेप से पीछे हटा पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग 'पेंटागन' ने अपनी नई राष्ट्रीय रक्षा रणनीति जारी की है, जो चीन के



प्रति अमेरिकी दृष्टिकोण में बड़े बदलाव का संकेत देती है। इस नई नीति में चीन को अब सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। सबसे अहम बदलाव ताइवान को लेकर है। ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में अमेरिकी सेना सीधे युद्ध में शामिल नहीं होगी। अमेरिका केवल हथियार, प्रशिक्षण और रणनीतिक सहयोग तक सीमित रहेगा। 'शक्ति से रोकना, टकराव से नहीं' का सिद्धांत पर आधारित होगा।

### जर्मनी में ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**बर्लिन।** यूरोप में अब ईरान की खामेनेई शासन के ख़िलाफ़ उठने लगी है। जर्मनी के म्यूनिख शहर में



शनिवार को ईरान की सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ी रैली आयोजित की गई, जिसमें पुलिस के अनुसार लगभग 2.5 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ जब म्यूनिख में वैश्विक नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी। रैली को ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी के आह्वान पर 'ग्लोबल डे ऑफ एक्शन' के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

### लोग, पृथ्वी और प्रगति इन्ही तीन सूत्रों पर समिट में होगा मंथन

# दिल्ली में आज से शुरू हो रहा टेक वर्ल्ड का सबसे बड़ा समिट, इसमें 7 देशों के राष्ट्रपति, 9 पीएम होंगे शामिल

*भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होंगे*

*10000 पुलिस जवानों की इवेंट और मेहमानों की सुरक्षा में तैनाती की गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में आज यानी 16 फरवरी से एआई इम्पैक्ट समिट शुरू हो रहा है, जिसमें पूरी दुनिया से कई जानी मानी हस्तियां, टेक कंपनियों के सीईओ एवं देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। भारत मंडपम में 5 दिन चलने वाले इस इवेंट में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। एआई इम्पैक्ट समिट टेक्नोलॉजी वर्ल्ड का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसकी मेजबानी भारत कर रहा है। समिट में 20 से ज्यादा देशों के जाने-माने नेता और 45 से ज्यादा देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल आएंगे। 7 देशों के राष्ट्रपति, 2 देश के उपराष्ट्रपति और 9 देश के प्रधानमंत्री समिट को जॉइन करेंगे। दुनियाभर के देशों की बड़ी टेक कंपनियों के सीईओ और उनका मालिक भी समिट में आएंगे। वहीं इवेंट और इसमें आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। करीब 10000 पुलिस जवानों को इवेंट और मेहमानों की सुरक्षा में तैनात किया गया है।

**20 से ज्यादा देशों के नेता और 45 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल आएंगे**


नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम

### समिट में क्या करेंगे मेहमान और एक्सपर्ट?

समिट 3 सूत्रों प्यूपल, प्लानेट प्रोग्रेस यानी लोग, पृथ्वी, प्रगति पर आधारित होगा। समिट में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर परस्पर सहयोग की संभावनाओं को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। एआई प्लेटफॉर्म को एक दूसरे के लिए किफायती बनाने, इस्तेमाल करने के लिए आसान बनाने, इसके भविष्य, विकास और पृथ्वी की रक्षा करने में इसके इस्तेमाल पर मंथन किया जाएगा। दुनियाभर के टेक इंजीनियर, पॉलिसी क्रिएटर्स, इनोवेटर और एक्सपर्ट एआई के भविष्य की संभावनाएं तलाशेंगे।

### इन देशों के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति आएंगे

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एआई समिट में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, एस्टोनिया के राष्ट्रपति आलार कारिस, स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलन शिरकत करेंगे। वहीं गुयाना के उपराष्ट्रपति भरत जगदेव और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति सेबेस्टियन पिलाय भी समिट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### ये 9 प्रधानमंत्री और कंपनियों के सीईओ आएंगे

विदेश मंत्रालय के अनुसार, एआई समिट में आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ऑर्पो, स्पेन के पेड्रो प्रधानमंत्री सांचेज, ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कूफ, कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओलजास बेक्टेनोव और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम भी आएंगे। वहीं अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई भी समिट में शामिल होंगे।

### पीएम मोदी आज एआई इम्पैक्ट एक्सपो का उदघाटन करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 5 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन करेंगे। यह इवेंट 16 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा। पांच दिनों तक चलने वाला यह मेगा इवेंट भारत की एआई ताकत को दुनिया के सामने पेश करेगा। इसमें सरकार, स्टार्टअप्स, ग्लोबल टेक कंपनियां और रिसर्च संस्थान एक ही मंच पर नजर आएंगे। यह आयोजन दिखाएगा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे आम नागरिक की जिंदगी से जुड़ रही है। वही एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर दिल्ली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राजधानी में 10,000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की है।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा-राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा

# सुधारों को पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया, बजट 'हम तैयार हैं' वाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि उनकी सरकार ने सुधारों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया है और यह सिर्फ बातों तक नहीं बल्कि काम में भी दिखा है। इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है।

उनके मुताबिक यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया 'अब या कभी नहीं' जैसा फैसला नहीं है, बल्कि यह देश की तैयारी और आत्मविश्वास का संकेत है- यानी 'हम तैयार हैं' वाला बजट है। पीएम मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीति की स्पष्टता से निवेशकों का भरोसा भारत में बढ़ा है। इसी कारण भारत अब मजबूत स्थिति में व्यापार समझौते कर रहा है।

उन्होंने बताया कि देश ने 38 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, सेवाओं का क्षेत्र और एमएसएमई सेक्टर ने भारत को वैश्विक व्यापार वार्ताओं में ताकत दी है।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### एमएसएमई और निर्यात पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान बताया कि भारत के एफटीए खास तौर पर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए बनाए गए हैं ताकि टैक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हस्तशिल्प, जेम्स-ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों को ज्यादा विदेशी बाजार मिल सके। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा जरूरतों के अनुसार रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना सरकार की जिम्मेदारी है।

### एआई समिट के बाद इजराइल जाएंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इजराइल जाएंगे। एआई समिट के बाद यह दौरा हो सकता है, जो 16 से 20 फरवरी तक दिल्ली में है। यह पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली इजराइल यात्रा होगी, जो 9 साल के गैप के बाद हो रही है। पीएम मोदी की आखिरी इजराइल यात्रा जुलाई 2017 में हुई थी। तब वे इजराइल का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। मोदी का 2017 का विजिट दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 25 साल पूरा होने के मौके पर हुआ था। उस समय के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू लगभग पूरे वक्त पीएम मोदी के साथ थे। इजराइल भारत के लिए एक अहम डिफेंस सप्लायर रहा है।

### 'लव ब्रिगेड 2.0' जैसे अभियान शुरु

# 'मिजोरम' में एचआईवी का बढ़ा खतरा राष्ट्रीय औसत से 13 गुना अधिक मामले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम इस समय एचआईवी संक्रमण के गंभीर संकट से जूझ रहा है। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री लालरिनपुई के अनुसार, यहां संक्रमण की दर राष्ट्रीय औसत से 13 गुना अधिक दर्ज की गई है। जहाँ देश में एचआईवी की औसत व्यापकता दर 0.2% है, वहीं मिजोरम में यह बढ़कर 2.74% तक पहुँच गई है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में बढ़ते मामलों का सबसे बड़ा कारण असुरक्षित यौन संबंध हैं, जो कुल मामलों का लगभग 70% हिस्सा हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे



सामाजिक और नैतिक मूल्यों के लिए चुनौती बताते हुए युवाओं से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सावधानी और सुरक्षा उपायों के जरिए इस संक्रमण को काफी हद तक रोका जा सकता था। सरकार ने संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए 'लव ब्रिगेड 2.0' जैसे अभियान शुरू किए हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देना और यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### जर्मनी के इवेंट में जाने से रोका

# पाकिस्तान की भारी बेइज्जती, असीम मुनीर को रोका, मांगा आईडी कार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर की इंटरनेशनल लेवल पर भारी बेइज्जती हुई है। जर्मनी के म्यूनिख में एक इवेंट में सिक्योरिटी ऑफिसर ने असीम मुनीर को उनके आइडेंटिटी कार्ड की वजह से रोका। फील्ड मार्शल असीम मुनीर और उनकी टीम म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए जर्मनी गए थे। यहां मुनीर को एंट्री करने से पहले उनका आईडी कार्ड मांगा गया। म्यूनिख में चल रहे इवेंट में जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम



मुनीर अंदर जा रहे होते हैं, तब एक सिक्योरिटी गार्ड उनसे आइडेंटिटी कार्ड सीधा करने के लिए कहती है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जर्मनी के एक सिंधी पॉलिटिकल ऑर्गनाइजेशन, जय सिंध मुत्ताहिदा महाज ने म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में मुनीर के शामिल होने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

### तारिक रहमान के सलाहकार बोले हुमायूं कबीर बोले

# नए सिरे से रिश्ते हों शुरू, बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करे भारत

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश को लगभग डेढ़ साल बाद स्थायी सरकार मिलने जा रही है। 12 फरवरी को हुए आम चुनाव के नतीजे बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी के भारी बहुमत के साथ पक्ष में आए। ऐसे में अब 17 फरवरी को तारिक रहमान पीएम पद की शपथ लेंगे। इससे पहले तारिक रहमान के सलाहकार का भारत के साथ संबंधों पर बड़ा बयान सामने आया है। तारिक रहमान के सलाहकार हुमायूं कबीर ने कहा है कि बांग्लादेश भारत के साथ नए सिरे से



संबंधों की शुरुआत करना चाहता है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश की बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को स्वीकार करना भारत की जिम्मेदारी है। अपने बयान में उन्होंने काह कि बांग्लादेश, भारत के साथ नए सिरे से संबंध स्थापित करना चाहता है, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी अब सत्ता में नहीं हैं। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार ने जोर देते हुए यह भी कहा कि दोनों देशों को 'पारस्परिक लाभ' के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बता दें, तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी ने 13 फरवरी को जारी हुए चुनाव परिणाम में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो-तिहाई से अधिक सीटों पर विजय हासिल की है। शनिवार (14 फरवरी) को दिए एक साक्षात्कार में कबीर ने इस बात पर जोर दिया कि बीएनपी की शानदार चुनावी जीत के बाद बांग्लादेश में बदली हुई राजनीतिक वास्तविकता को पहचानने की जिम्मेदारी भारत पर है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले- भारत नहीं खरीदेगा रूसी तेल

# जयशंकर का जवाब- हम बाहरी दबाव में फैसले नहीं करते, हमारे हित, हमारे अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद को लेकर भारत और अमेरिका के बीच मतभेद एक बार फिर सामने आए हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दावा किया कि भारत ने वॉशिंगटन को भरोसा दिया है कि वह रूस से अतिरिक्त तेल नहीं खरीदेगा। रुबियो ने 14 फरवरी को रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की ओर से यह आश्वासन दिया गया है कि नए तेल सौदे नहीं किए जाएंगे, हालांकि मौजूदा ऑर्डर प्रक्रिया में बने रहेंगे।



उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है। इस बयान पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसी सम्मेलन के अगले सत्र में स्पष्ट और संतुलित प्रतिक्रिया दी। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ चर्चा में जयशंकर ने कहा कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता की नीति के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और देश किसी भी तरह के बाहरी दबाव में अपने फैसले नहीं करता। जयशंकर ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति उपलब्धता, लागत और जोखिम जैसे व्यावहारिक कारकों पर आधारित होती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, वैश्विक ऊर्जा बाजार बेहद जटिल है। भारत की तेल कंपनियां वही निर्णय लेंगी, जो उन्हें अपने सर्वोत्तम राष्ट्रीय और व्यावसायिक हित में लगता है। विदेश मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि भारत के पास ऐसे फैसले लेने का पूरा अधिकार है, जो पश्चिमी विचारधारा से मेल न भी खाते हों।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत से कई समझौते करेंगे

# भारत-फ्रांस साथ बनाएंगे हेलीकॉप्टर और हैमर बम, मैक्रों के दौरे के दौरान होगी बड़ी डिफेंस डील, बेचैन हुआ पाकिस्तान

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने किया था हैमर बम का इस्तेमाल
- दोनों देशों के बीच अगले 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग पर करार होगा

> फ्रांस की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलुरू में साझा निर्माण करने जा रही है. इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई समिट में शामिल होने भारत आ रहे फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (17-19 फरवरी) के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में अहम करार होने जा रहे हैं। इनमें साझा हेलीकॉप्टर के निर्माण से लेकर हैमर बम बनाना शामिल है. माना जा रहा है कि इस दौरान, मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 114 मेक इन इंडिया राफेल फाइटर जेट को लेकर भी अहम घोषणा कर सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि फ्रांस (यूरोप) की एयरबस कंपनी, टाटा कंपनी के साथ एच-125 लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का बेंगलूरू के करीब वेमागल (कर्नाटक) में साझा निर्माण करने जा रही है। इस प्लांट का मैक्रों और पीएम मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की





रक्षा मंत्री प्लांट में मौजूद रहेंगी। इन एलयूएच हेलीकॉप्टर को भारतीय सेना के लिए बनाया जाएगा। मैक्रों के साथ भारत के दौरे पर आ रही फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरिन वातारिन,17 फरवरी को बेंगलुरु में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ हैमर बम को भारत में बनाने को लेकर होने वाले करार के दौरान भी मौजूद रहेंगी। फ्रांस की साफरान कंपनी इन हैमर बम का निर्माण करती है और इन्हें राफेल से लॉन्च किया जाता है।

### रफेल के भारत में निर्माण को मिली हरी झंडी

*रक्षा मंत्रालय की अपेक्स कमेटी, रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार (12 फरवरी 2026) को मेक इन इंडिया के तहत, फ्रांसीसी फाइटर जेट रफेल के भारत में निर्माण को लेकर हरी झंडी दी थी। इस डील के तहत, फ्रांस की दसॉल्ट कंपनी, किसी स्वदेशी (भारतीय) कंपनी के साथ मिलकर भारत में 114 रफाल फाइटर जेट बनाएगी। माना जा रहा है कि मैक्रों के दौरे के दौरान, दोनों देश इस मेक इन इंडिया रफाल लड़ाकू विमान को लेकर अहम घोषणा कर सकते हैं।*








## ईशान किशन और गेंदबाजों के तूफान में उड़ा चिर प्रतिद्वंद्वी

# भारत की लगातार तीसरी जीत, पाकिस्तान को चटाई धूल, सुपर-8 में धमाकेदार एंट्री

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

सलामी बल्लेबाज इशान किशन के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान पर 61 रन की एकतरफा जीत के साथ सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई किया। भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम हार्दिक पंड्या (16 रन पर दो विकेट), वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट), जसप्रीत बुमराह (17 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से उस्मान खान (44) के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। उनके अलावा सिर्फ शाहीन शाह अफरीदी (नाबाद 23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।



### भारत की पाकिस्तान के खिलाफ आठवीं जीत

*टी20 विश्व कप में यह भारत की पाकिस्तान के खिलाफ नौ मैचों में आठवीं जीत है जबकि उसे सिर्फ एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इशान ने स्पिन के अनुकूल पिच पर 40 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 77 रन की पारी खेलने के अलावा तिलक वर्मा (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़े, जिससे भारत ने सात विकेट पर 175 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (32) और शिवम दुबे (27) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।*

### 6 स्पिनर, 18 ओवर, पाकिस्तान ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में बॉलिंग से रिकॉर्ड बनाया। सलमान टीम ने छह स्पिनर्स से बॉलिंग कराई। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह एक पारी में सर्वाधिक स्पिनर्स के उपयोग का रिकॉर्ड है। इसके जरिए पाकिस्तान पहली टीम बनी, जिसने छह स्पिनर टी20 वर्ल्ड कप के एक मुकाबले में आजमाए।.पाकिस्तान ने 18 ओवर स्पिनरों कराए, जिसमें सईम अयूब 25 रन पर तीन विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। शाहीन ने दो ओवर में 31 रन लुटाए और उन्हें एक विकेट मिला।

### टीम इंडिया के छह अंक

भारत ने पाकिस्तान को टी20 विश्व कप के मुकाबले में हराकर दो और अंक हासिल कर लिए हैं। इसके साथ ही अब भारत के 6 अंक हो गए हैं। साथ ही टीम ने सुपर 8 में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत ने इस साल के टी20 विश्व कप में पहले यूएसए को मात दी, इसके बाद दूसरे मैच में नामीबिया को हराया और इस जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए तीसरे मैच में अब पाकिस्तान को भी पीट दिया है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इशान किशन बो सईम | 77 | 40 | 10 | 3 |
| अभिषेक का शाहीन बो सलमान | 00 | 04 | 00 | 0 |
| तिलक वर्मा पगबाधा बो सईम | 25 | 24 | 2 | 1 |
| सूर्यकुमार का सईम बो तारिक | 32 | 29 | 3 | 0 |
| हार्दिक पंड्या का बाबर बो सईम | 00 | 01 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 27 | 17 | 3 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 04 | 1 | 1 |
| अक्षर पटेल का सईम बो शाहीन | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 03, कुल:20 ओवर में 175/7 रन

गेंदबाजी: सलमान 2-0-10-1, शाहीन 2-0-31-1, सईम 4-0-25-3, अबरार 3-0-38-0, शादाब 1-0-17-0, नवाज 4-0-28-0, तारिक 4-0-24-1

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहिबजादा फरहान का रिंकू बो पंड्या | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सईम अयूब पगबाधा बो बुमराह | 06 | 2 | 0 | 1 |
| सलमान आगा का पंड्या बो बुमराह | 04 | 4 | 1 | 0 |
| बाबर आजम बो अक्षर | 05 | 7 | 0 | 0 |
| उस्मान खान स्टं इशान बो अक्षर | 44 | 34 | 6 | 1 |
| शादाब खान का दुबे बो तिलक | 14 | 15 | 1 | 0 |
| मोहम्मद नवाज का दुबे बो कुलदीप | 04 | 5 | 1 | 0 |
| फहीम अशरफ का रिंकू बो चक्रवर्ती | 10 | 14 | 1 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 23 | 19 | 2 | 1 |
| अबरार अहमद पगबाधा बो चक्रवर्ती | 00 | 1 | 0 | 0 |
| उस्मान तारिक बो पंड्या | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 04, कुल:18 ओवर में सभी विकेट खोकर: 114 रन

गेंदबाजी: पंड्या 3-1-16-2, बुमराह 2-0-17-2, अक्षर 4-0-29-2, चक्रवर्ती 3-0-17-2, कुलदीप 3-0-14-1, तिलक 2-0-11-1, रिंकू 1-0-9-0

### पाकिस्तान पर जीत से काफी आत्मविश्वास मिलेगा : इशान



इशान किशन ने कहा कि इस जीत से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। इशान ने कहा, 'मुझे लगता है कि शुरुआत में विकेट उतना आसान नहीं था। ऐसे में खुद पर भरोसा रखना और अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मैंने अपने ऑफ-साइड खेल पर काफी मेहनत की है। मैं बस चीजों को सरल रखने की कोशिश कर रहा था।' उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में 160-170 रन का स्कोर खड़ा करने का लक्ष्य था।

### इस विकेट पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था: सूर्यकुमार

सूर्यकुमार ने कहा, 'इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करना बेहतर विकल्प था। पहले बल्लेबाजी करते समय यह कहना मुश्किल था कि प्रतिस्पर्धी स्कोर कितना होता। लेकिन जैसे ही हम 175 पर पहुंचे तो हमें लगा कि हमने प्रतिस्पर्धी स्कोर से 15-20 रन अधिक बना लिए हैं। 155 रन पर यह बहुत करीबी मुकाबला होता।' सूर्यकुमार ने कहा, 'हमने वैसा ही क्रिकेट खेला जैसा हम खेलना चाहते थे।

### पावरप्ले में बहुत अधिक विकेट गंवाए नहीं कर सके वापसी : सलमान

पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने कहा कि हमारे स्पिनरों का ऑफ डे था और पिछले छह महीनों से वे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने पावरप्ले में बहुत अधिक विकेट गंवा दिए और इसके बाद वापसी नहीं कर सके। पहली पारी में गेंद रुककर आ रही थी और दूसरी पारी में विकेट बेहतर हो गया था। इस तरह के गेम्स में इमोशन हमेशा हाई रहते हैं। हमें इससे डील करना होगा। हमने ऐसे कई मैच खेले हैं और अब आने वाले दो दिनों में एक और मैच खेलना है। अगर हमें सुपर 8 में जाना है तो अंतिम मैच जीतना होगा, तब यह टूर्नामेंट हमारे लिए फिर से फ्रेश हो जाएगा।

### खबर संक्षेप



### हैरी केन ने रचा इतिहास, ठोका कॅरियर का 500वां गोल

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्टार फुटबॉलर हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की तरफ से दो गोल करके अपने देश और विभिन्न क्लबों की तरफ से 500 गोल करने की उपलब्धि हासिल की। केन ने अपने दो गोल में से एक गोल पेनल्टी पर किया। यह पेनल्टी पर किया गया उनका 100वां था। केन के दो गोल की मदद से बायर्न ने वेर्डर ब्रेमेन पर 3-0 से जीत हासिल करके बुंडेसलिगा में अपनी छह अंकों की बढ़त बरकरार रखी। केन ने मैच के बाद कहा, 'अच्छा लग रहा है। 500 गोल तक पहुंचना वाकई गर्व की बात है। इसमें बहुत मेहनत और त्याग लगा है, इसलिए यहां तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। लेकिन हमेशा की तरह अब अगला मैच ही मायने रखता है।' केन ने अपना पहला गोल जनवरी 2011 में 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के तीसरी श्रेणी के क्लब लेटन ओरिएंट की तरफ से खेलते हुए शेफील्ड वेडनेसडे के खिलाफ किया था। केन को 500 गोल तक पहुंचने के लिए 743 मैचों की जरूरत पड़ी। इस 32 वर्षीय इस फॉरवर्ड ने इंग्लैंड के लिए 112 मैचों में 78 गोल किए हैं।

### मिश्रित युगल में उप विजेता रहे हरमीत-यशस्विनी

**चेन्नई।** भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई टेबल टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल फाइनल में एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट जोक्स की रोमानिया की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। हरमीत और यशस्विनी की जोड़ी को 0-3 (9-11, 2-11, 8-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। यह इस डब्ल्यूटीटी प्रतियोगिता के चार सत्र में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। इस बीच चेक गणराज्य के लुबोमिर यानकारिक ने प्रतियोगिता में अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया के पार्क गंगहियोन को 3-2 (13-15, 11-7, 5-11, 11-7, 11-9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई।



## महिला टी20: ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत ने बनाई बढ़त

# घातक गेंदबाजी कर अरुंधती बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी ▸▸| सिडनी

तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी की शानदार गेंदबाजी से भारत ने वर्षा से प्रभावित पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) पद्धति के तहत 21 रन से हरा दिया।

अरुंधति (22 रन पर चार विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट) और श्री चरणी (14 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम 18 ओवर में 133 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इसके जवाब में जब उप कप्तान स्मृति मंधाना (17 गेंद पर नाबाद 16) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन गेंद में नाबाद नौ) की पारियों से 5.1 ओवर में 50 रन बनाए थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा, जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत को इसके बाद विजेता घोषित किया गया क्योंकि 5.1 ओवर के बाद डीएलएस के तहत बराबरी का स्कोर 29 रन था। भारत ने एकमात्र विकेट शेफाली वर्मा (11 गेंद में 21 रन) के रूप में गंवाया, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिन्यु की गेंद पर अपना विकेट गंवाया।



### ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट 12 रन के अंदर गंवाए

टॉस भारत ने जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 27 के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट खो दिया था। तीसरे विकेट के लिए फोएबे लिचफिल्ड और एलिसे पेरी के बीच 41 रन की साझेदारी हुई। 68 के स्कोर पर पेरी (20 रन) का विकेट गिरा। इसके बाद विकेटों के लगातार गिरने का सिलसिला जारी रहा। पूरी टीम 18 ओवर में 133 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आखिरी 5 विकेट मात्र 12 रन के अंदर गंवा दिए। जॉर्जिया वॉरहेम ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। अरुंधती रेड्डी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।



# राहुल ने लगाया बैक-टू-बैक शतक खेली 141 रन की पारी, पडीक्कल की सेंचुरी

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल: उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने पहले दिन बनाए 355/2 रन**

एजेंसी ▸▸| लखनऊ

कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। केएल राहुल और कप्तान देवदत्त पड्डिकल के शतक की बदौलत कर्नाटक पहले दिन की समाप्ति के समय मजबूत स्थिति में आ गया है।

उत्तराखंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक को 18 के स्कोर पर मयंक अग्रवाल के रूप में बड़ा झटका लगा। मयंक 5 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल और देवदत्त पड्डिकल ने पारी को संभाल लिया। राहुल और पड्डिकल ने दूसरे विकेट के लिए 278 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी।

### राहुल का लगातार दूसरा शतक

राहुल ने लगातार दूसरा शतक लगाया। क्वार्टर फाइनल में शतक लगाने वाले राहुल ने 211 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 141 रन की पारी खेली। राहुल का हौसला बढ़ाने के लिए सुनील शेट्टी और अहान शेट्टी भी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। राहुल की पारी आदित्य रावत ने अपनी ही गेंद पर कैच लेकर समाप्त की। कप्तान देवदत्त पड्डिकल 236 गेंद पर 2 छक्कों और 16 चौकों की मदद से 148 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ करुण नायर 65 गेंद पर 5 चौकों और 1 छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों के बीच 59 रन की साझेदारी हो चुकी है। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने 2 विकेट के नुकसान पर 355 रन बना लिए। बता दें कि उत्तराखंड पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइल में पहुंची है, जबकि कर्नाटक 8 बार खिताब जीत चुकी है।

### घर लौटे न्यूजीलैंड के गेंदबाज फर्ग्यूसन, नहीं खेलेंगे कनाडा के खिलाफ

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए रविवार को स्वदेश लौटेंगे और इस कारण से टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में कनाडा के खिलाफ टीम के अंतिम लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि फर्ग्यूसन को टीम में बनाए रखने की योजना है ताकि टीम के सुपर आठ में पहुंचने पर उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके। न्यूजीलैंड ने अपने पहले दोनों मैच में जीत हासिल की थी लेकिन उसे शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। वह अपना अंतिम लीग मैच मंगलवार को चेन्नई में कनाडा के खिलाफ खेलेगा। वाल्टर ने कहा, 'यह लॉकी और एम्मा के लिए बेहद रोमांचक समय है और हमें खुशी है कि वह इतने खास मौके पर घर पर मौजूद रहेंगे।'

## टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज: एटीपी चैलेंजर में इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी का शानदार प्रदर्शन

# बालाजी-ओबरलाइटनर ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के एन. श्रीराम बालाजी और ऑस्ट्रिया के नील ओबरलाइटनर ने फ्रांस के पॉ में टेरेगा ओपन पॉ पाइरेनीज में मेंस डबल्स टाइटल जीतकर एटीपी चैलेंजर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एटीपी चैलेंजर 125 इवेंट में टॉप सीड के तौर पर मुकाबला कर रही इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी ने दूसरे सीड जैकब पॉल और मातेज वोसेल को 77 मिनट तक चले एक रोमांचक फाइनल में 6-1, 3-6, 13-11 से हराया।

### मुकाबले की शुरुआत में बनाया कंट्रोल

बालाजी-ओबरलाइटनर की जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए मुकाबले की शुरुआत में ही कंट्रोल बना लिया। उन्होंने शुरुआती सेट में अपने विरोधियों की कई बार सर्विस तोड़ी और आराम से 6-1 से स्कोर पक्का कर लिया, जिसमें उन्होंने तेज रिटर्न और असरदार नेट प्ले दिखाया। लेकिन, दूसरे सेट में मोमेंटम बदल गया। दोनों टीमें 3-3 से बराबर थीं और स्विस-चेक जोड़ी ने अहम मौकों का फायदा उठाकर मैच को निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया।

### मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण

मुकाबले का आखिरी दौर तनावपूर्ण रहा। बालाजी और ओबरलाइटनर टाई-ब्रेक में 4-1 से आगे हो गए, लेकिन पॉल और वोसेल ने वापसी की और 10-9 पर एक मैच प्वाइंट भी हासिल किया।



### बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते रहे हावी

पाऊ में, बालाजी और ओबरलाइटनर पूरे हफ्ते हावी रहे। वे सेमीफाइनल में अमेरिकी मार्टिन डैम और चेक खिलाड़ी माइकल व्रबेंस्की को 7-5, 7-6(1) से हराकर फाइनल में पहुंचे, इससे पहले उन्होंने शुरुआती राउंड में बिना सीड वाले विरोधियों को हराया था। इस सीजन में पहले ही तीन चैलेंजर टाइटल जीत चुके इंडो-ऑस्ट्रियाई जोड़ी इंटरनेशनल सर्किट पर आने वाले टूर्नामेंट में अपनी इस लय को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में दिख रही है।



## वीमेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स

# पाकिस्तान 93 रन पर ढेर, इंडिया 'ए' ने 8 विकेट से दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

कप्तान राधा यादव की शानदार स्पिन गेंदबाजी के बाद दिनेश वृंदा के तूफानी नाबाद अर्धशतक की बदौलत भारत 'ए' ने महिला 'एशिया कप राइजिंग स्टार्स' में पाकिस्तान 'ए' को 59 गेंद शेष रहते 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत 'ए' महिला टीम की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है। टीम को शुक्रवार को पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) महिला टीम से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान 'ए' पर जीत के साथ भारत 'ए' महिला टीम ग्रुप ए में यूएई के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### राधा यादव ने की शानदार स्पिन



### नो हैंडशेक की नीति जारी

वहीं मैच के दौरान पाकिस्तानी टीम की खिलाड़ी हाथ मिलाने को देखती रहीं। टीम इंडिया की प्लेयर्स ने नो हैंडशेक की नीति को जारी रखा।

### स्पिनरों की सटीक गेंदबाजी, नहीं टीके पाकिस्तानी

भारत 'ए' के स्पिनरों ने अपनी सटीक गेंदबाजी से आपस में पांच विकेट साझा कर पाकिस्तान को दबाव में डाल दिया । पाकिस्तान की टीम 18.5 ओवर में महज 93 रन पर आउट हो गई। राधा (तीन ओवर में 11 रन पर दो विकेट) ने दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की, वहीं प्रेमा रावत (तीन ओवर में 16 रन पर दो विकेट) और मिन्नू मणि (2.5 ओवर में 10 रन पर एक विकेट) ने सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के बल्लेबाज कोई साझेदारी नहीं बना सकें। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में सिर्फ 14 रन देकर दो विकेट लिए।

### वृंदा ने ठोकी तूफानी फिफ्टी

*94 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज हुमाइरा पहली गेंद पर आउट हो गईं और गोल्डन डक का शिकार बनीं। लेकिन दिनेश वृंदा ने मोर्चा संभाले रखा और अंत तक फिफ्टी प्लस की मैच विनिंग पारी खेली। उनका साथ अनुष्का शर्मा ने निभाया और 26 गेंदों में चार चौकों की मदद से 24 रन की पारी खेलकर मैच को काफी हल्का कर दिया।*




आग पर काबू पाने लगे छह घंटे व 40 दमकलें, 20 किमी दूर से आसमान में दिखा धुएं का गुबार

# कस्तूरबा नगर में फैक्ट्री में भीषण आग से हड़कंप लाखों का नुकसान, देर रात तक उठता रहा धुआं


गोदाम से निकलता स्याह काला धुआं।

**फायर फाइटर्स को करना पडी मशक्कत, दीवार तोड़ने जेसीबी बुलाई**

**फैक्ट्री के पिछले हिस्से के गोदाम में रखे लकड़ी प्लाईवुड से आग भड़की**

**भेल सीआईएसएफ, संत नगर, फतेहगढ, गोविंदपुरा, मंडीदीप से पहुंची दमकलें**

**मौके पर पहुंची एंबुलेंस, निगम और पुलिस के आला अधिकारी रहे मौजूद**

सवा चार बजे आग लगने की फायर कंट्रोल को मिली सूचना

आग से बचाने आसपास रिहायशी इलाकों को कराया गया खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के आईएसबीटी के सामने कस्तूरबा नगर में एक फेब्रीकेशन फैक्ट्री परिसर में फर्नीचर के गोदाम में रविवार को दोपहर करीब साढे तीन बजे अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि शहर के 20 किमी दूर से धुएं का गुबार देखा गया। तीन घंटे से ज्यादा समय तक आसमान में लगातार धुआं छाया रहा। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर दमकलों को आग पर काबू पाने में मशक्कत करना पडी। एक दर्जन दमकलों से पानी का छिडकाव करने के बाद भी आग लगातार फैलती गई। भेल की सीआईएसएफ के फायर फाइटर्स ने फैक्ट्री की दीवार को तोडने की कोशिश की ताकि पानी अंदर तक पहुंच सके।


आग बुझाने का प्रयस करते फायरकर्मी।

कुछ देर के बाद जेसीबी बुलाई गई और दीवार को तोडा गया। जबकि आधा दर्जन से ज्यादा दमकलें परिसर के अंदर पहुंचकर आग पर काबू करने में लगी रहीं। आग से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

कस्तूरबा नगर में एक फेब्रीकेशन फैक्ट्री परिसर में फर्नीचर का स्टोर था। जिसमें बडी संख्या में लकडी की सामग्री के अलावा उसके उपयोग होने वाले रसायनिक पदार्थ, प्लास्टिक की टंकियां आदि सामग्री रखी थी। दोपहर प्रत्यक्षदर्शियों को अचानक परिसर से धुआं उठते नजर आया। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई। इसकी सूचना निगम के फायर कंट्रोल को दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर दमकलें पहुंचना शुरू हो गईं। शहरभर के फायर स्टेशनों से 40 से ज्यादा दमकलें यहां पहुंची। करीब छह घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन आग इतनी भयावह थी कि धुआं देर रात तक निकलता रहा। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। नुकसान का आंकलन भी नहीं किया जा सका, लेकिन परिसर में रखा सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

### फैक्ट्री से लगी बस्ती को एहतियातन कराया खाली

तेजी से फैलती आग को देखते हुए आसपास की बस्ती को खाली कराया गया। परिवारों ने अपना घर का सामन रोड पर रखा। जबकि आसपास के बडी संख्या में लोग आग को देखने एकत्र हो गए।

### एंबुलेंस भी पहुंची, निगम और पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे

आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर एक एंबुंलस बुलाई गई। इसके अलावा नगर निगम के अपर आयुक्त सहित पुलिस के आला अधिकारी, पुलिस बल, नगर निगम के एएचओ भी मौके पर मौजूद रहे।

### 20 किमी दूर तक दिखा धुआं

शहर के होशंगाबाद रोड, भेल, कोलार, लालघाटी, कोहेफ़िज़ा सहित अन्य क्षेत्रों से धुएं का गुबार देखा गया।

## देर रात तक की आतिशबाजी

# सड़कों पर निकले युवा, मनाया टीम इंडिया की जीत का जश्न


रोशनपुरा चौराहे पर जश्न मनाते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को एक बार फिर भारतीय खिलाड़ियों के सामने मुंह की खानी पड़ गई। दरअसल, कोलंबो में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच मैच का आयोजन किया गया था, जिसमें भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम लगातार 3 जीत के साथ ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। जैसे ही टीवी पर मैच का सीधा प्रसारण देख रहे भारतीय टीम के प्रशंसकों को यह अहसास हुआ कि भारतीय टीम जीत के करीब है, उन्होंने जश्न मनाने के इंतजाम कर लिए और टीम के जीतते ही अपने अपने वाहनों से सड़कों पर ग्रुप में निकल पड़े। संत नगर, पीरगेट, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, एमपी नगर, 10 नंबर मार्केट, शाहपुरा, गुलमोहर, कोलार, अयोध्या बाइपास समेत अनेक जगहों प्रशंसकों ने आतिशबाजी करते हुए देर रात तकक जश्न मनाया।

## लालघाटी पर लगा लंबा जाम...


भोपाल। रविवार को गुफा मंदिर से लेकर लालघाटी तक लंबा ट्रैफिक जाम लगा।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के आईटी पार्क में वारदात हुई सीसीटीवी में कैद

# महिला चोरों का गैंग सक्रिय, फैक्ट्री आउटलेट से तीन एलईडी टीवी चोरी करते हुए वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र में चोरी करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। दिखाई दे रहा है कि पांच महिलाओं के गैंग ने दुकान की शटर का ताला तोड़ा फिर वारदात को अंजाम दिया। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित आईटी पार्क की है। यहां आउटलेट के गोदाम में से महिलाओं ने मिलकर चोरी की है। महिलाएं देर रात शटर उठाकर अंदर घुसीं और वहां से तीन एलईडी टीवी चोरी कर ले गईं। चोरी गई एलईडी की कुल कीमत करीब 48 हजार रुपये बताई जा रही है। कंपनी के मैनेजर प्रवेश सेन ने मामले की सूचना तुरंत गांधीनगर पुलिस को दी। उन्होंने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया है।

प्रशासनिक कारणों से लिया गया निर्णय

# मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने 56 पदों पर होने वाली भर्ती रद्द की

अक्टूबर-25 में विभिन्न तकनीकी पदों के लिए बुलाए थे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने अक्टूबर-25 में विभिन्न केटेगिरी के 56 पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। मेट्रो प्रशासन की ओर से इसका कारण प्रशासनिक बताया गया है। जबकि यह भी अपील की गई है कि नकली रिक्रूटमेंट ऑफर सचेत रहें और अधिकारिक वेबसाइट पर भी रिक्रूटमेंट देखें और आवेदन करें।

अब इन पदों पर नए सिरे से कब भर्ती होगी इसका मेट्रो प्रशासन ने साफ नहीं किया है। जानकारी के अनुसार अक्टूबर-25 में सुपरवाइजर-2, सीनियर सुपरवाइजर-टेलीकॉम, रोलिंग स्टॉक-5, सुपरवाइजर सिंगनलिंग-रोलिंग स्टॉक-14, कंटेनर-15, सीनियर सुपरवाइजर-1, सुपरवाइजर ट्रैक्शन-1, सुपरवाइजर ट्रैक्शन-2, एम ट्रैक्शन-6, सुपरवाइजर ट्रैक-2,मेंटेनर-ट्रेक-5, सुपरवाइजर-वर्क्स-3 व मेंटेनर-वर्क्स-1 सहित कुल 56 पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके तहत बडी संख्या में आवेदकों ने आवेदन किए थे, लेकिन तीन माह बाद मेट्रो प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया को रदद कर दिया।

पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# भोपाल में सम्मेलन में पहली किन्नर शंकराचार्य घोषित करने पर साधु-संत विरोध में उतरे


सीपी को ज्ञापन सौंपते संत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को भोपाल में किन्नर धर्म सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान देश की पहली किन्नर शंकराचार्य के रूप में हिमांगी सखी का पट्टाभिषेक कर शंकराचार्य घोषित करने को लेकर विरोध शुरू होगा। इस मामले में साधु-सत विरोध में आ गए। साथ ही भोपाल पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय संत समिति के कार्यकारी अध्यक्ष महामंडलेश्वर अनिलानंद ने बताया कि भोपाल में किन्नर अखाड़ा द्वार जगद्गुरु शंकराचार्य पदवी का दुरूपयोग एवं फर्जी शंकराचार्य पद देने के सन्दर्भ में अखिल भारतीय संत समिति (मप्र) द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में विधिक कार्रवाई के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत सम्मानित माना जाता है, लेकिन हर काम विधि-विधान और मान्यता के अनुसार ही होता है। विद्वत परिषद द्वारा अधिकृत व्यक्ति ही शंकराचार्य बन सकता है।

## भोपाल सहित 18 जिलों में पारा 30 डिग्री के पार

नया पश्चिमी विक्षोभ अभी दूर होने से बेअसर,4 दिन बाद फिर बदलेगा मौसम

# धूप में आई तेजी: 35 डिग्री पर खंडवा अब रात का पारा भी तेजी से बदलेगा


वीआईपी रोड पर शाम 6 .10 बजे का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को दिन और रात के तापमान में मामूली बदलाव रहा। धूप में गर्मी बढ़ने से भोपाल सहित करीब 18 जिलों में दिन का पारा 30 डिग्री या इससे अधिक रहा, जबकि रात का तापमान सामान्य से औसतन दो से 3 डिग्री तक अधिक दर्ज हुआ है। प्रदेश में सबसे गर्म रहे खंडवा में दिन का पारा 34.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक है। खरगौन में भी पारा 34.4 डिग्री दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन में दशमलव 4 डिग्री गिरकर 29.6 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 1.2 डिग्री की कमी के साथ 13 डिग्री पर रहा। यह सामान्य के करीब है। मौसम केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन रात के तापमान में बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार सोमवार को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। यह अभी हमारे रीजन से काफी दूर होने से अभी इसका असर नहीं होगा। तीन से चार दिन बाद हवाएं बदलने से मौसम में बदलाव की उम्मीद है। अभी तापमान में 1 से दो डिग्री तक उतार-चढ़ाव रहेगा।

### 5 जिलों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री तक

प्रदेश में सबसे कम रात का तापमान कटनी में 8.6 डिग्री रहा। पचमढ़ी 9.2, शहडोल 9.4, रीवा 9.6 और राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज हुआ। सोमवार को भी अधिकांश जिलों में रात के तापमान में एक से दो डिग्री तक घट-बढ़ होगी।

### यहां 30 डिग्री से अधिक गर्मी

रविवार को दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन, रतलाम, उज्जैन, श्योपुर, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सतना और उमरिया में दिन का तापमान आधा से एक डिग्री तक घट-बढ़ के साथ 30 से 31 डिग्री के बीच रहा। यह सामान्य से औसतन 3 डिग्री अधिक है। इससे यहां दिन में हल्की गर्मी महसूस की गई। अगले तीन दिन अभी तापमान में बदलाव जारी रहेगा। इसके बाद कई जिलों में बारिश होगी।

## देशभर के 550 आयुर्वेद कॉलेज एनसीआईएसएम के राडार पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश समेत देशभर के 550 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) की राडार पर हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से आयोग ने निगरानी बैठा रखी है। हालांकि सत्र 2025-26 में प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में बीएएमएस आयुर्वेदिक प्रवेश हो चुके है। परंतु आगे आने वाले सत्र 2026-27 के निरीक्षण व मान्यताओं की तलवार समस्त कॉलेजों पर अटकी है। जो कॉलेज टीचिंग, नॉन टीचिंग, हॉस्पिटल स्टॉफ की उपस्थिति में लापरवाही, आईपीडी, ओपीडी मरीजों के डाटा से छेड़छाड़ व अन्य विभिन्न लापरवाही बरतेंगे एनसी आईएसएम उन पर सख्ती से कार्यवाही के मूड में है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने कहा कि एनसीआईएसएम की सख्तता से निश्चित रूप से आयुर्वेद छात्रों के अध्ययन-अध्यापन में गुणात्मक सुधार होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930